# विषय वस्तु

## 01 राजस्थान का भूगोल


| क्र. | अध्याय | RAS | SI | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्थिति, विस्तार एवं भौतिक विशेषताएँ | ✓ | ✓ | 1-10 |
| 2. | जलवायु | ✓ | ✓ | 11-15 |
| 3. | नदियाँ एवं झीलें (अपवाह तंत्र) | ✓ | ✓ | 16-20 |
| 4. | प्राकृतिक वनस्पति | ✓ | ✓ | 21-25 |
| 5. | वन्य जीव जन्तु एवं जैव विविधता | ✓ | ✓ | 26-29 |
| 6. | प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ | ✓ | ✓ | 30-32 |
| 7. | खनिज संपदा | ✓ | ✓ | 33-36 |
| 8. | जनसंख्या एवं नगरीकरण | ✓ | ✓ | 37-41 |
| 9. | पर्यटन | ✓ | ✗ | 42-45 |
| 10. | प्रमुख उद्योग | ✓ | ✓ | 46-50 |
| 11. | मृदा | ✓ | ✓ | 51-54 |
| 12. | पशुधन | ✓ | ✓ | 55-59 |
| 13. | कृषि | ✓ | ✗ | 60-63 |
| 14. | जनजातियाँ | ✓ | ✗ | 64-68 |
| 15. | RAS विगत वर्षो के प्रश्न-पत्र | ✓ | ✗ | 69-77 |
| 16. | SI विगत वर्षो के प्रश्न-पत्र | ✗ | ✓ | 78-85 |

## 02 भारत का भूगोल


| क्र. | अध्याय | RAS | SI | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमुख भौतिक विशेषताएँ | ✓ | ✓ | 1-4 |
| 2. | जलवायु | ✓ | ✓ | 5-7 |
| 3. | अपवाह तंत्र, नदियाँ व झीलें | ✓ | ✗ | 8-11 |
| 4. | सिंचाई | ✓ | ✗ | 12-14 |
| 5. | कृषि: प्रमुख फसलें | ✓ | ✓ | 15-18 |
| 6. | खनिज | ✓ | ✓ | 19-23 |
| 7. | प्रमुख उद्योग एवं औद्योगिक विकास | ✓ | ✓ | 24-26 |
| 8. | परिवहन - मुख्य परिवहन मार्ग | ✗ | ✓ | 27-30 |
| 9. | पर्यावरणीय समस्याएं एवं पारिस्थितिकीय मुद्दे | ✗ | ✓ | 31-33 |
| 10. | RAS के विगत वर्षों के प्रश्न | ✓ | ✗ | 34-38 |
| 11. | SI के विगत वर्षों के प्रश्न | ✗ | ✓ | 39-43 |


## 03 विश्व का भूगोल


| क्र. | अध्याय | RAS | SI | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमुख भौतिक विशेषताएँ<br>❖ महाद्वीप<br>❖ महासागर एवं उनकी विशेषताएँ | ✓ | ✓ | 1-8 |
| 2. | प्रमुख नदियाँ व झीलें | ✓ | ✗ | 9-11 |
| 3. | प्राकृतिक वनस्पति | ✓ | ✗ | 12-15 |
| 4. | वन्यजीव-जन्तु एवं जैव विविधता | ✓ | ✓ | 16-18 |
| 5. | कृषि - प्रकार, वितरण तथा प्रमुख फसलें | ✓ | ✓ | 19-21 |
| 6. | अन्तर्राष्ट्रीय जलमार्ग एवं प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र | ✓ | ✓ | 22-25 |
| 7. | पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय मुद्दे | ✓ | ✓ | 26-30 |
| 8. | RAS के विगत वर्षों के प्रश्न | ✓ | ✗ | 31-33 |
| 9. | SI के विगत वर्षों के प्रश्न | ✗ | ✓ | 34-38 |


❑❑❑❑

# राजस्थान का भूगोल

# 01 स्थिति, विस्तार एवं भौतिक विशेषताएँ

## स्थिति एवं विस्तार

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान भारत का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है।**
**2. राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3' उ.अ. से 30°12' उ.अ. तक है।**
**3. कर्क रेखा राजस्थान के मध्य भाग से होकर गुजरती है।**
**4. राजस्थान का देशांतर विस्तार 69°30' पू.दे. से 78°17' पू.दे. तक है।**
**सही कथनों का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 औतर 3
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी कथन सही हैं

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. कर्क रेखा राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले से होकर गुजरती है।**
**2. राजस्थान का क्षेत्रफल महाराष्ट्र से अधिक है।**
**3. राजस्थान का देशांतर विस्तार 70° पू.दे. से 80° पू.दे. तक है।**
**4. राजस्थान का विस्तार 23°3' उ.अ. से 30°12' उ.अ. तक है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) सभी कथन सही

**3. भारत में राजस्थान की भौगोलिक स्थिति है-**
(a) उत्तर-पश्चिमी भाग (b) दक्षिण-पश्चिमी भाग
(c) उत्तर-पूर्वी भाग (d) दक्षिण-पूर्वी भाग

**4. सूची-I को सूची II से सुमेलित करें:-**

| सूची-I (देश-राज्य) | सूची II (राजस्थान की सीमा) |
|---|---|
| (a) पाकिस्तान | (i) दक्षिण |
| (b) मध्यप्रदेश | (ii) पूर्व |
| (c) पंजाब | (iii) उत्तर |
| (d) गुजरात | (iv) उत्तर-पश्चिम |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (b) a-iv, b-ii, c-iii, d-i
(c) a-iv, b-i, c-ii, d-iii (d) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**(A) राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित है।**
**(B) राजस्थान का आकार पतंग/समांतर असमचतुर्भुजाकार माना जाता है।**
**(C) राजस्थान का आकार त्रिभुजाकार है।**
**(D) राजस्थान का आकार प्लेट के समान है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल (A) और (B) (b) केवल (B) और (C)
(c) केवल (A), (B) और (D) (d) सभी (A), (B), (C), (D)

**6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन्हे ध्यानपूर्व पढें:**
**कथन (A): राजस्थान का सबसे पश्चिमी बिंदु जैसलमेर का 'कटरा' गांव है।**
**कारण (R): राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा (रेडक्लिफ लाइन) केवल जैसलमेर जिले से लगती है।**
**विकल्प:**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**7. राजस्थान के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) इसका आधार विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(b) इसका उत्तर से दक्षिण विस्तार 869 किमी. है।
(c) इसकी स्थलीय सीमा 6920 किमी. है।
(d) इसका क्षेत्रफल 3,42329 वर्ग किमी. है।

**8. राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है, लगभग -**
(a) 2 लाख 24 हजार वर्ग किमी. (b) 3 लाख 42 हजार वर्ग किमी.
(c) 4 लाख 24 हजार वर्ग किमी. (d) 5 लाख 42 हजार वर्ग किमी.

**9. निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें।**
**(A) राजस्थान (B) हरियाणा**
**(C) उत्तर प्रदेश (D) गुजरात**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (A), (C), (B), (D)
(b) (B), (D), (C), (A)
(c) (D), (B), (C), (A)
(d) (A), (C), (D), (B)

**10. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?**
**1. नार्वे 2. बेल्जियम 3. स्विट्जरलैण्ड 4. पोलैण्ड**
**कुटः-**
(a) 1, 2, 4 (b) 1, 3
(c) 2, 4 (d) 1, 4

**11. राजस्थान राज्य की स्थिति एवं विस्तार के सम्बन्ध में सही कथन नहीं है?**
(a) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम विस्तार क्रमशः 869 किलोमीटर तथा 826 किलोमीटर है।
(b) राज्य की आकृति विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(c) राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं की लम्बाई क्रमशः 1070 किमी. तथा 4850 किमी. है।
(d) राज्य का भौगोलिक क्षेत्र भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत के बराबर है।

**12. राजस्थान के बारे में निम्नांकित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?**
(a) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार अधिक है।
(b) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार कम है।
(c) इसकी कुल स्थल सीमा 6000 किमी. से कम है।
(d) इसका अक्षांशीय विस्तार 7 अक्षांश से कम नहीं है।

**13. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को दक्षिण से उत्तर के क्रम में बढ़ते हुए अक्षांश के अनुसार व्यवस्थित करें।**
**(a) झालावाड़**
**(b) झुंझुनूं**
**(c) जोधपुर**
**(d) सवाई माधोपुर**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (a), (c), (b), (d)
(b) (a), (b), (d), (c)
(c) (d), (c), (b), (a)
(d) (a), (d), (c), (b)

**14. राजस्थान के निम्नलिखित शहरों को पश्चिम से पूर्व दिशा में व्यवस्थित करें।**
**a. बाड़मेर**
**b. बून्दी**
**c. पाली**
**d. राजसमंद**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) a, c, d, b
(b) c, a, b, d
(c) b, d, a, c
(d) d, b, a, c

**15. राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. रामदेवरा (जैसलमेर), जिला मुख्यालय से पूर्व दिशा में स्थित है।**
**2. राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला राजसमंद है।**
**3. सोजत और मारवाड़ जंक्शन दोनों पाली जिले के अंतर्गत आते हैं।**
**4.अक्षांशों के आधार पर झुंझुनूं, जोधपुर से अधिक उत्तर में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**16. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:**
**कथन (A): राजस्थान के श्रीगंगानगर और बाड़मेर जिलों को 'अन्तर्राष्ट्रीय-अन्तर्राज्यीय' जिलों की श्रेणी में रखा जाता है।**
**कारण (R): ये दोनों जिले पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने के साथ-साथ पड़ोसी भारतीय राज्यों के साथ भी सीमा साझा करते हैं।**
**कूट:-**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**17. राजस्थान राज्य का अक्षांशीय विस्तार है?**
(a) 23°3' दक्षिण से 30° 12' दक्षिण
(b) 23° 3' उत्तर से 30°12' उत्तर
(c) 23°3' उत्तर से 30° 12' दक्षिण
(d) 30°12' उत्तर से 2.3" 3' दक्षिण

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (जिला) | सूची-II (सीमा) |
|---|---|
| (a) जालोर | (i) उत्तर प्रदेश |
| (b) श्री गंगानगर | (ii) गुजरात |
| (c) भरतपुर | (iii) मध्य प्रदेश |
| (d) बाँसवाड़ा | (iv) पंजाब |


**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(b) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(c) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(d) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**19. सूची-I (विशेषता) को सूची-II (संबंधित जिले) से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (विशेषता) | सूची-II (जिला/जिले) |
|---|---|
| (A) गुजरात व पाकिस्तान के साथ सीमा | (1) हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर |
| (B) पंजाब के साथ सीमा साझा करने वाले | (2) बाड़मेर |
| (C) सर्वाधिक लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा | (3) श्रीगंगानगर व बाड़मेर |
| (D) अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय दोनों सीमाएँ | (4) जैसलमेर |

**कूट (Codes):**
(a) A-2, B-1, C-4, D-3
(b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-2, B-3, C-4, D-1

**20. मानचित्र में उन गाँवों की स्थिति को दर्शाया गया है जहाँ से राजस्थान का उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम विस्तार नापा जाता है। ये स्थितियाँ (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित की गई हैं। नीचे दी गई क्रमावली का सही अनुक्रम पहचानिए-**




(a) सिलौन, कोणा, कटरा, बोरकुंड
(b) बोरकुंड, सिलॉन, कटरा, कोणा
(c) कटरा, कोणा, बोरकुंड, सिलौन
(d) कोणा, कटरा, सिलौन, बोरकुंड

**21. कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है?**
(a) बारां व झालावाड़
(b) बाड़मेर व चूरू
(c) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर
(d) बूँदी व भीलवाड़ा

22. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. 21 जून को सूर्य की लम्बवत किरणें राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले में पड़ती हैं।**
**2. कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग से होकर गुजरती है।**
**3. राजस्थान में सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक श्रीगंगानगर जिले में होता है।**
**4. जैसलमेर राजस्थान का सर्वाधिक उत्तरी जिला है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) सभी 1, 2, 3 और 4

23. **सुमेलित कीजिए-**

| **जिला** | **अक्षांश/देशान्तर** |
|---|---|
| **(A) बाँसवाड़ा** | **(I) 30°12' उत्तर** |
| **(B) जैसलमेर** | **(II) 69°30' पूर्व** |
| **(C) धौलपुर** | **(III) 23°3' उत्तर** |
| **(D) गंगानगर** | **(IV) 78°17' पूर्व** |

**कूट:-**
(a) A-III,B-II,C-I,D-IV (b) A-III,B-II,C-IV,D-I
(c) A-II,B-III,C-IV,D-I (d) A-I,B-II,C-IV,D-III

24. **23° उत्तरी अक्षांश तथा 70° पूर्वी देशान्तर रेखाएँ राजस्थान के निम्नलिखित में से क्रमशः किन जिलों से होकर गुजरती हैं?**
(a) बाँसवाड़ा व जैसलमेर (b) डूँगरपुर व नागौर
(c) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (d) डूँगरपुर व धौलपुर

## उत्तर सहित व्याख्या

1. **[a]**


**व्याख्या:–**
- कथन 3 गलत है क्योंकि कर्क रेखा राजस्थान के **दक्षिणी भाग** से गुजरती है, न कि मध्य भाग से।

2. **[a]**

**व्याख्या:–**
- कथन 1 सही है।
- कथन 2 गलत है (राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है, महाराष्ट्र नहीं)।
- कथन 3 गलत है (सही देशांतर विस्तार 69°30' से 78°17' पू.दे. है)।
- कथन 4 सही है।

3. **[a]**

**व्याख्या:–**
- राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग (वायव्य कोण) में स्थित है। इसकी सीमाएँ पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर में पंजाब, उत्तर-पूर्व में हरियाणा व उत्तरप्रदेश, दक्षिणी-पूर्व में मध्यप्रदेश तथा दक्षिणी-पश्चिम में गुजरात से लगती है।
- विश्व में राजस्थान उत्तरी पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।
- राजस्थान की आकृति T.H. हैण्डले के अनुसार विषमकोणीय चतुर्भुजाकार/पतंगाकार/रोहम्बस के समान है।
- **टोंक** जिले की आकृति राजस्थान की आकृति के समान है।






- **कोण -** ईशान कोण
- **अक्षांश (Latitude)**: 23°03' से 30°12' उत्तरी
- **देशांतर (Longitude)**: 69°30' से 78°17' पूर्वी

**राजस्थान की ग्लोबीय स्थिति**

- **अक्षांशीय स्थिति**
  अक्षांशीय दृष्टि से राजस्थान उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।)
- **देशांतरीय स्थिति**
  (देशांतरीय दृष्टि से राजस्थान पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।)

4. **[b]**

**व्याख्या:-**
- पाकिस्तान राजस्थान के उत्तर–पश्चिम में स्थित है
- मध्यप्रदेश राजस्थान के पूर्व में है।
- पंजाब राजस्थान के उत्तर में स्थित है।
- गुजरात राजस्थान के दक्षिण में है।
- अतः सही सुमेलित क्रम होगा – a-iv, b-ii, c-iii, d-i।

**(iii)** उत्तर
पंजाब
↑
**(iv)** उत्तर-पश्चिम ← राजस्थान → **(ii)** पूर्व
पाकिस्तान मध्यप्रदेश
↓
**(i)** दक्षिण
गुजरात

5. **[a]**

**व्याख्या:–**
- (a) सही – राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिम में स्थित है।
- (b) सही – प्रतियोगी परीक्षाओं में राजस्थान का आकार पतंग/समांतर असमचतुर्भुजाकार बताया जाता है।
- (c) गलत – राजस्थान त्रिभुजाकार नहीं है।
- (d) गलत – प्लेट के समान आकार का वर्णन सही नहीं है।

6. **[c]**

**व्याख्या:–**
- कथन (A) सही है: राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69°30' पूर्वी देशांतर से शुरू होता है। यह बिंदु जैसलमेर जिले की सम (Sam) तहसील के 'कटरा' गांव में स्थित है। यह राजस्थान का सुदूर पश्चिमी छोर है।

- ◈ कारण (R) गलत है: यह कहना गलत है कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा केवल जैसलमेर से लगती है। राजस्थान की 1,070 किमी लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा (रेडक्लिफ रेखा) वर्तमान में 5 जिलों (फलोदी के गठन के बाद) से लगती है:
  - ❖ श्रीगंगानगर, फलोदी, बीकानेर
  - ❖ जैसलमेर (सबसे लंबी सीमा - 464 किमी)

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान भारत का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है, जिसका कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी (भारत का 10.41%) है।
- ◈ विषमकोण चतुर्भुज (पतंग) के आकार का यह राज्य उत्तर से दक्षिण में 826 किमी और पूर्व से पश्चिम में 869 किमी लंबा है, जिसकी कुल स्थलीय सीमा 5,920 किमी है।

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान का क्षेत्रफल **3,42,239 वर्ग किमी.** है।
- ◈ 1 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ अलग होने पर राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रथम स्थान पर आया।

**9. [d]**

**व्याख्या:–**

- ◈ राज्यों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम (घटते क्रम) में व्यवस्थित करने पर सही क्रम इस प्रकार है:
  (A) राजस्थान: लगभग 3,42,239 वर्ग किमी (भारत का सबसे बड़ा राज्य)
  (C) उत्तर प्रदेश: लगभग 2,40,928 वर्ग किमी (चौथा सबसे बड़ा राज्य)
  (D) गुजरात: लगभग 1,96,024 वर्ग किमी
  (B) हरियाणा: लगभग 44,212 वर्ग किमी


**10. [d]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान का क्षेत्रफल लगभग **नार्वे (3,23,802 वर्ग किमी.)** और **पोलैण्ड (3,12,696 वर्ग किमी.)** के बराबर है।
- ◈ जर्मनी, जापान, वियतनाम के भी लगभग बराबर है।
  इसके अतिरिक्त:
- ◈ **ब्रिटेन** से लगभग **2 गुना** बड़ा
- ◈ **श्रीलंका** से लगभग **5 गुना**
- ◈ **इज़रायल** से लगभग **17 गुना**
- ◈ **बेल्जियम से लगभग 13 गुना**
- ◈ **स्विट्ज़रलैंड और बेल्जियम** की तुलना में भी कहीं अधिक बड़ा है।
- ◈ राजस्थान का क्षेत्रफल कई देशों से भी अधिक है, जो इसे विश्व स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण स्थान देता है।

**11. [a]**

**व्याख्या:-**





**12. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान का पूर्व-पश्चिम विस्तार (869 किमी.) उत्तर दक्षिणी विस्तार (826 किमी.) से अधिक है।
- ◈ राज्य की सीमा लगभग 5920 किमी. है (स्थल सीमा < 6000 किमी.)
- ◈ अक्षांशीय विस्तार लगभग **7 डिग्री** से कम है (23°03'N से 30°12'N)

**राजस्थान का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार**




**13. [d]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार **23°03' उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश** तक है। दक्षिण से उत्तर के क्रम में व्यवस्थित करने का अर्थ है कम अक्षांश से अधिक अक्षांश की ओर जाना:
- ◈ **झालावाड़ (a):** यह राजस्थान के सुदूर दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित है (लगभग **24°** अक्षांश)।
- ◈ **सवाई माधोपुर (d):** यह झालावाड़ के उत्तर में स्थित है (लगभग **26°** अक्षांश)।
- ◈ **जोधपुर (c):** सवाई माधोपुर की तुलना में इसका अक्षांशीय विस्तार थोड़ा उत्तर की ओर है (लगभग **26.2°** अक्षांश)।
- ◈ **झुंझुनूं (b):** यह राजस्थान के उत्तरी भाग (शेखावाटी क्षेत्र) में स्थित है**,** इसलिए इसका अक्षांश सबसे अधिक है (लगभग **28°** अक्षांश)।
- ◈ **सही क्रम:** झालावाड़– सवाई माधोपुर– जोधपुर – झुंझुनूं।

**14. [a]**

**व्याख्या:**

- ◈ राजस्थान के शहरों को **पश्चिम से पूर्व** दिशा में उनके देशांतरीय विस्तार के आधार पर इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है:
- ◈ **बाड़मेर (a):** यह राजस्थान के सुदूर पश्चिम में स्थित सीमावर्ती जिला है।
- ◈ **पाली (c):** बाड़मेर के पूर्व में स्थित है।
- ◈ **राजसमंद (d):** यह पाली के पूर्व और थोड़ा दक्षिण-पूर्व की ओर स्थित है।
- ◈ **बून्दी (b):** यह हाड़ौती क्षेत्र में स्थित है**,** जो इन चारों में सबसे पूर्व में आता है।
- ◈ **सही क्रम:**

(पश्चिम) (पूर्व)
● बाड़मेर -------- ● पाली -------- ● राजसमंद -------- ● बून्दी

**15. [b]**

**व्याख्या:–**

- ◈ रामदेवरा: यह जैसलमेर मुख्यालय के पूर्व में पोकरण के पास स्थित है।
- ◈ दक्षिणतम जिला: राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला बाँसवाड़ा है, राजसमंद नहीं।
- ◈ सोजत व मारवाड़ जंक्शन: ये दोनों स्थान भौगोलिक और प्रशासनिक रूप से पाली जिले में स्थित हैं।
- ◈ अक्षांशीय स्थिति: झुंझुनूं (उत्तर) का अक्षांश जोधपुर (मध्य) से अधिक है, इसलिए झुंझुनूं अधिक उत्तर में है।

**16. [a]**

**व्याख्या:-**

- सत्यता: राजस्थान की 1070 किमी लंबी रेडक्लिफ रेखा पर स्थित 5-6 जिलों में से केवल दो जिले ऐसे हैं जो दोहरी सीमा बनाते हैं।
- श्रीगंगानगर: यह पश्चिम में पाकिस्तान और उत्तर में पंजाब राज्य से सीमा बनाता है।
- बाड़मेर: यह पश्चिम में पाकिस्तान और दक्षिण में गुजरात राज्य से सीमा बनाता है।
- निष्कर्ष: चूंकि कारण (R) स्पष्ट करता है कि ये जिले अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय दोनों सीमाएँ छूते हैं, इसलिए यह कथन (A) की सही व्याख्या है।

**नोट:** नवीनतम प्रशासनिक बदलावों के बाद अब अनूपगढ़ और फलौदी (आंशिक स्पर्श) भी अंतर्राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा माने जाते हैं, जिससे सीमावर्ती जिलों की संख्या में वृद्धि हुई है।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है, इसलिए इसके अक्षांशीय विस्तार के साथ हमेशा 'उत्तर' (North) शब्द का प्रयोग होता है।
- विस्तार राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23° 03' उत्तरी अक्षांश (बोरकुण्ड गाँव, बाँसवाड़ा) से 30° 12' उत्तरी अक्षांश (कोणा गाँव, श्रीगंगानगर) तक है।
- कुल अंतर दोनों अक्षांशों के मध्य 7° 09' का अंतर है।
- दूरी उत्तर से दक्षिण की कुल लंबाई 826 किमी. है।

**18. [b]**

**व्याख्या:–**

**राजस्थान के सीमावर्ती जिलों और उनसे सटे राज्यों का सही मिलान निम्न है:**

- **जालोर – (ii) गुजरात:** जालोर अपनी सीमा गुजरात राज्य से साझा करता है।
- **श्री गंगानगर – (iv) पंजाब:** यह राजस्थान का उत्तरी जिला है जो पंजाब को स्पर्श करता है।
- **भरतपुर – (i) उत्तर प्रदेश:** भरतपुर की सीमा उत्तर प्रदेश (UP) से लगती है।
- **बाँसवाड़ा – (iii) मध्य प्रदेश:** बाँसवाड़ा दक्षिणी जिला है जो मध्य प्रदेश (और गुजरात) के साथ सीमा बनाता है।

**19. [a]**

**व्याख्या:–**

- **बाड़मेर (A-2):** यह एकमात्र जिला है जो दक्षिण में गुजरात और पश्चिम में **पाकिस्तान** से मिलता है।
- **पंजाब सीमा (B-1):** राजस्थान के केवल दो जिले, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़, उत्तर में पंजाब को स्पर्श करते हैं।
- **जैसलमेर (C-4):** यह पाकिस्तान के साथ सर्वाधिक **464 किमी** लंबी सीमा बनाता है।
- **उभयनिष्ठ सीमा (D-3): श्रीगंगानगर** (पंजाब+पाक) और **बाड़मेर** (गुजरात+पाक) ऐसे जिले हैं जो अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय दोनों सीमाएँ रखते हैं।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का विस्तार चार प्रमुख बिंदुओं से मापा जाता है:
- **उत्तर – कोणा गाँव**, श्रीगंगानगर
- **दक्षिण – बोरकुंड गाँव**, कुशलगढ़ (बाँसवाड़ा)
- **पश्चिम – कटरा गाँव**, सम (जैसलमेर)
- **पूर्व – सिलौन या सिलावट गाँव**, राजाखेड़ा (धौलपुर)

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

- **कर्क रेखा (Tropic of Cancer)** पृथ्वी पर $23^1/_2°$ उत्तरी अक्षांश पर स्थित है। यह भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है और राजस्थान के **दो जिलों** से गुजरती है।
- **बाँसवाड़ा** – विशेषतः **कुशलगढ़** क्षेत्र से
- **डूँगरपुर** – विशेषतः **चिकली गाँव** के आसपास
- यहाँ पर 21 जून को सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।
- इस दिन राजस्थान का सबसे बड़ा दिन व सबसे छोटी रात होती है, जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन व सबसे बड़ी रात होती है।

**नोट:-** राजस्थान में कर्क रेखा की लंबाई 26 किमी. है।

**22. [a]**

**व्याख्या:–**

- **कथन 1 सही** – 21 जून को सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत चमकता है, और कर्क रेखा बाँसवाड़ा जिले से गुजरती है।
- **कथन 2 सही** – कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग (डूँगरपुर, बाँसवाड़ा) से होकर गुजरती है।
- **कथन 3 सही** – श्रीगंगानगर राजस्थान का उत्तरी जिला है, इसलिए वहाँ सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक होता है।
- **कथन 4 गलत** – जैसलमेर पश्चिमी जिला है, सर्वाधिक उत्तरी जिला **श्रीगंगानगर** है।

**23. [b]**

**व्याख्या:–**

- बाँसवाड़ा (A) - राजस्थान का दक्षिणतम जिला, लगभग 23°3' उत्तर अक्षांश - (III)
- जैसलमेर (B) - पश्चिमतम जिला, लगभग 69°30' पूर्व देशांतर - (II)
- धौलपुर (C) - पूर्वतम जिला, लगभग **78°17' पूर्व देशांतर - (IV)**
- गंगानगर (D) - उत्तरतम जिला, लगभग 30°12' उत्तर अक्षांश - (I)

**24. [a]**

**व्याख्या:–**

**राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार महत्वपूर्ण अक्षांश और देशांतर रेखाएँ इन जिलों से गुजरती हैं:**

- **23½° (23.5°) उत्तरी अक्षांश (कर्क रेखा):** यह रेखा राजस्थान के दक्षिणतम भाग से होकर गुजरती है। यह मुख्य रूप से **बाँसवाड़ा** जिले के मध्य से और डूँगरपुर जिले की दक्षिणी सीमा को स्पर्श करते हुए निकलती है। (प्रश्न में **23°** के निकटतम संदर्भ में बाँसवाड़ा सही उत्तर है)।
- **70° पूर्वी देशान्तर:** राजस्थान का पश्चिमी विस्तार **69°30' पूर्वी देशान्तर** से शुरू होता है। अतः **70°** पूर्वी देशान्तर रेखा राजस्थान के सुदूर पश्चिमी जिले **जैसलमेर** के मध्य से होकर गुजरती है।

♦♦♦♦

## मुख्य भू-भौतिक विभाग

**1. निम्नलिखित कथन–कारण (Assertion–Reason) पर विचार कीजिए।**
**कथन (A): राजस्थान को चार प्रमुख भौतिक विभागों में विभाजित किया जाता है तथा अरावली पर्वतमाला राज्य का प्राचीनतम भौगोलिक अंचल है।**
**कारण (R): क्योंकि राजस्थान का लगभग 61% भू-भाग थार मरुस्थल से आच्छादित है, इसलिए उसे चार भौतिक विभागों में बाँटा गया है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान स्थित थार मरुस्थल को टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।**
**2. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थल है।**
**3. 'थार' मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी है।**
**4. थार मरुस्थल मुख्यतः अरावली पर्वतमाला के पूर्वी भाग में स्थित है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी 1, 2, 3 और 4

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान में मरुस्थल राज्य के एक-चौथाई से भी कम क्षेत्र में फैला हुआ है।**
**2. मरुस्थलीय क्षेत्र में उच्च तापमान एवं निम्न वर्षा पाई जाती है।**
**3. चरागाहों में कमी, अनियंत्रित पशुचारण एवं वनों की कटाई मरुस्थल विस्तार के कारण हैं।**
**4. मरुस्थलीय क्षेत्रों की मृदा में लवणीयता एवं क्षारीयता की समस्या पाई जाती है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1 गलत है। (b) केवल 1 और 2 गलत हैं।
(c) केवल 2 और 3 सही हैं। (d) सभी कथन सही हैं।

**4. थार मरुस्थल का विस्तार किन राज्यों तक है?**
(a) राजस्थान
(b) राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश
(c) राजस्थान, पंजाब
(d) राजस्थान, पंजाब, गुजरात, हरियाणा

**5. राजस्थान के भौतिक प्रदेशों के सम्बन्धों में सही कथन चुनिए-**
**1. राज्य के 61.11 प्रतिशत भू-क्षेत्र में पश्चिमी रेतीले मैदान का विस्तार है।**
**2. राज्य के 9 प्रतिशत भू-क्षेत्र में अरावली पर्वतीय प्रदेश का विस्तार है।**
**3. राज्य के 23 प्रतिशत भू-क्षेत्र में पूर्वी मैदान का विस्तार है।**
**4. राज्य के 7.37 प्रतिशत भू-क्षेत्र में दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश का विस्तार है।**
(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 3 और 4

**6. संरचनात्मक दृष्टि से राजस्थान के भौतिक स्वरूप भारत के निम्नलिखित में से किन उच्चावच प्रदेशों का हिस्सा है-**
(a) उत्तरी वृहत मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(b) उत्तरी पर्वतीय प्रदेश, उत्तरीय वृहत मैदान
(c) तटीय मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(d) प्रायद्वीपीय पठार, उत्तरी पर्वतीय प्रदेश

**7. राजस्थान का दक्षिण पूर्व पठार क्षेत्र:**
(a) हाड़ौती पठार के रूप में भी जाना जाता है।
(b) यह बारां, बून्दी और कोटा जिलों में विस्तृत है।
(c) चंबल इस क्षेत्र की मुख्य नदी है।
(d) चूलिया जलप्रपात भी यहाँ स्थित है।
(e) यह छप्पन के मैदान के नाम से भी जाना जाता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (b), (c), (d) और (e) (b) (a), (b), (d) और (e)
(c) (a), (c), (d) और (e) (d) (a), (b), (c) और (d)

**8. सुमेलित कीजिए**

| **प्राकृतिक भाग** | **औसत वर्षा** |
|---|---|
| **अ. उत्तरी-पश्चिमी रेगिस्तान** | **1. 12 से 15 सेमी.** |
| **ब. पूर्वी मैदान** | **2. 40 से 80 सेमी.** |
| **स. मध्यवर्ती पहाड़ी प्रदेश** | **3. 20 से 90 सेमी.** |
| **द. दक्षिण-पूर्वी पठार** | **4. 75 सेमी.** |

(a) अ-4, ब-3, स-2, द-1 (b) अ-2, ब-3, स-4, द-1
(c) अ-2, ब-3, स-1, द-4 (d) अ-1, ब-2, स-3, द-4

**9. थार मरुस्थल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. सम्पूर्ण थार मरुस्थल रेतीला एवं बालुका स्तूप क्षेत्र है।**
**2. थार मरुस्थल लगभग 1,75,000 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है।**
**3. यह 25 सेमी. सम-वर्षा रेखा के पश्चिम में स्थित है।**
**4. भालेरी (चूरू) एवं मेंढा नदी घाटी (सीकर) में बरखान प्रकार के बालुका स्तूप पाए जाते हैं।**
**5. थार मरुस्थल मुख्यतः अरावली पर्वतमाला के पूर्व में फैला हुआ है।**
**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 4 और 5 (d) केवल 1, 3 और 5

**10. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –**
**कथन (A): राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग में औसत वार्षिक वर्षा 80 सेमी. से 120 सेमी. के मध्य होती है।**
**कारण (R): क्योंकि राजस्थान में स्थित थार मरुस्थल राज्य के पश्चिमी भाग में फैला है, जहाँ वर्षा अत्यल्प होती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**11. राजस्थान के धरातलीय स्वरूपों के सम्बन्ध में कौन-सा कथन गलत है?**
(a) अरावली विश्व की प्राचीनतम वलित पर्वत श्रेणी है।
(b) उत्तर-पूर्वी मैदान सिन्धु नदी द्वारा निर्मित मैदान का भाग है।
(c) प. (पश्चिमी) बालुका मैदान टैथिस सागर का अवशेष रूप है।
(d) दक्षिण-पूर्वी पठार गौंडवाना लैण्ड का विस्तारित भाग है।

**12. निम्नलिखित में से राजस्थान के कौन-से ज़िले 'भारतीय वृहत् मरुस्थल' के भाग हैं-**

(a) जोधपुर, बाड़मेर, उदयपुर (b) बाड़मेर, जोधपुर, सिरोही
(c) बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर (d) जैसलमेर, बाड़मेर, अजमेर

**13. राजस्थान के निम्नलिखित भौतिक विभाजन को पूर्व से पश्चिम के क्रम में व्यवस्थित करें।**
**(a) पश्चिमी बालू मैदान**
**(b) अरावली श्रृंखला और पर्वतीय क्षेत्र**
**(c) पूर्वी मैदान**
**(d) दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पठार (हाड़ौती पठार)**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(a) (c), (b), (d), (a)
(b) (d), (c), (b), (a)
(c) (a), (b), (c), (d)
(d) (b), (a), (d), (c)

**14. राजस्थान के भौतिक स्वरूप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. महान सीमा भ्रंश (Great Boundary Fault) राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से होकर गुजरता है।**
**2. पश्चिमी राजस्थान के रेतीले मैदान का 41.5% क्षेत्र बालुका स्तूप-मुक्त (Dune free) है।**
**3. राजस्थान के पश्चिमी रेतीले मैदान के लगभग 60% क्षेत्र में बालुका स्तूप पाए जाते हैं।**
**4. महान सीमा भ्रंश का विस्तार मुख्यतः कोटा, चित्तौड़गढ़ और सवाई माधोपुर जिलों में देखा जाता है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

**15. झालावाड़ से बीकानेर की ओर सीधी रेखा में यात्रा करते हुए आप निम्न में से किस प्रकार के भौतिक स्वरूपों के क्रम का अवलोकन करेंगे?**

(a) भोराट पठार, हाड़ौती पठार, मध्य अरावली
(b) मध्य माही मैदान, बनास बेसिन, बांगड़
(c) विन्ध्यन कगार, बनास बेसिन, भोराट पठार
(d) हाड़ौती पठार, बनास बेसिन, मध्य अरावली

**16. सुमेलित कीजिए–**
**सूची–I (पठार)**
**A. गुरुशिखर का पठार** **B. बीछिया का पठार**
**C. माण्डलगढ़ का पठार** **D. लसाड़िया का पठार**
**E. भैंसरोड़गढ़ का पठार**
**सूची–II (विशेषता)**
**1. 1200 मीटर, सिरोही क्षेत्र**
**2. 1360 मीटर, सिरोही (अरावली की सर्वोच्च चोटी)**
**3. 325–650 मीटर, काला-पटार क्षेत्र**
**4. 450 मीटर, झालावाड़–मंदसौर क्षेत्र**
**5. उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में, देसूरी के मध्य**
**कूट:-**

(a) A-2, B-1, C-5, D-3, E-4
(b) A-1, B-2, C-5, D-3, E-4
(c) A-2, B-1, C-3, D-5, E-4
(d) A-2, B-3, C-5, D-1, E-4

**17. अरावली पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
**I. अरावली पर्वतमाला थार मरुस्थल के पूर्व की ओर प्रसार को नियंत्रित करती है।**
**II. यह राजस्थान में एक 'जल विभाजक' के रूप में कार्य करती है।**
**III. अरावली को राजस्थान की 'जीवन रेखा' कहा जाता है।**
**IV. इसके पश्चिम से निकलने वाली नदियाँ अपना जल बंगाल की खाड़ी में ले जाती हैं।**
**विकल्प:-**

(a) केवल I और II सही हैं।
(b) केवल I, II और III सही हैं।
(c) केवल II, III और IV सही हैं।
(d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

**18. सूची-I (दर्रे/नाल) को सूची-II (संबंधित स्थान/क्षेत्र) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (दर्रे/नाल) | सूची-II (संबंधित स्थान/जोड़ने वाले क्षेत्र) |
|---|---|
| (A) बर्र दर्रा | (1) उदयपुर |
| (B) शिवपुरा व सूरा घाट | (2) अजमेर और पाली |
| (C) फुलवारी की नाल | (3) अजमेर और राजसमन्द |
| (D) हाथीगुढ़ा नाल | (4) मेवाड़ और मारवाड़ |

**कूट:–**

(a) A-2, B-3, C-4, D-1 (b) A-2, B-3, C-1, D-4
(c) A-3, B-2, C-1, D-4 (d) A-1, B-4, C-2, D-3

**19. राजस्थान के 'दक्षिणी-पूर्वी पठार' (हाड़ौती के पठार) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**I. विन्ध्यन कगार का निर्माण मुख्य रूप से चूना पत्थर और बलुआ पत्थर से हुआ है।**
**II. दक्कन के लावा पठार पर पाई जाने वाली काली मृदा का निर्माण ज्वालामुखी के दरारी उद्गार से हुआ है।**
**III. चम्बल और इसकी सहायक नदियों द्वारा बारां और कोटा में 'त्रिकोणीय जलोढ़ मैदान' का निर्माण किया गया है।**
**IV. उच्चावच की दृष्टि से इस पठारी क्षेत्र को तीन धरातलीय उप-प्रदेशों में विभक्त किया गया है।**
**उपर्युक्त में से कौन से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल I और II (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I, II और III (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

**20. राजस्थान के 'शाहबाद उच्च स्थल' (बारां) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए:**
**I. शाहबाद उच्च क्षेत्र 300 मीटर की समोच्च रेखा (Contour line) से घिरा हुआ है।**
**II. रामगढ़ पहाड़ी की आकृति 'घोड़े की नाल' (Horse Shoe) के समान है।**
**III. रामगढ़ क्रेटर झील का निर्माण प्राचीन काल में ज्वालामुखी के विस्फोट (Volcanic Eruption) से हुआ था।**
**IV. रामगढ़ की पहाड़ी को एक 'जियो हेरिटेज साइट' के रूप में मान्यता प्राप्त है।**
**विकल्प:–**

(a) केवल I, II और III सही हैं। (b) केवल II, III और IV सही हैं।
(c) केवल I, II और IV सही हैं। (d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

**21 राजस्थान में 'बृहत सीमान्त भ्रंश' फैला है, के सहारे-**
(a) बूँदी- सवाई माधोपुर की पहाड़ियाँ
(b) उदयपुर की पहाड़ियाँ
(c) अलवर की पहाड़ियाँ
(d) शेखावाटी की पहाड़ियाँ

**22. निम्नलिखित में से अरावली पर्वत की चोटियों का ऊँचाई के अनुसार सही घटता क्रम है-**
(a) रघुनाथगढ़, नागपानी, ऋषिकेश, तारागढ़
(b) ऋषिकेश, रघुनाथगढ़, तारागढ़, नागपानी
(c) ऋषिकेश, तारागढ़, रघुनाथगढ़, नागपानी
(d) रघुनाथगढ़, ऋषिकेश, तारागढ़, नागपानी

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये-**
**1. कुम्भलगढ़, भौराट के पठार का सर्वोच्च बिन्दु है।**
**2. रघुनाथगढ़, उत्तरी अरावली का सर्वोच्च शिखर है।**
**3. उड़िया पठार, माउण्ट आबू के निकट स्थित है।**
**कूट-**
(a) केवल 1 व 3
(b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 व 2
(d) 1, 2 व 3

**24. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) नाम दिया गया है:**
**कथन (A): राजस्थान के पश्चिमी रेतीले मैदान में जनसंख्या का घनत्व, विश्व के अन्य मरुस्थलों की तुलना में अधिक है।**
**कारण (R): थार मरुस्थल में अनुकूल जलवायु परिस्थितियाँ और अत्यधिक वर्षा पाई जाती है।**
**कूट (Options):**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [b]**
**व्याख्या:–**
**राजस्थान को चार प्रमुख भौतिक विभागों में बाँटा जाता है–**
**1.** पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश **2.** अरावली पर्वतीय प्रदेश
**3.** पूर्वी मैदानी प्रदेश **4.** दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश
साथ ही अरावली पर्वतमाला भारत की प्राचीनतम पर्वतमालाओं में से एक है और राजस्थान का प्राचीनतम भौगोलिक अंचल है।
- कारण (R) भी सही है –
- राजस्थान का लगभग 61% भू-भाग मरुस्थल से आच्छादित है।
- लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता, क्योंकि चार भौतिक विभागों में विभाजन का कारण केवल मरुस्थल का प्रतिशत नहीं है, बल्कि स्थलाकृति (relief), संरचना एवं भौगोलिक विशेषताएँ हैं।

**2. [a]**
**व्याख्या:–**
- कथन 1 सही – थार मरुस्थल को प्राचीन टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।
- कथन 2 सही – राजस्थान के क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थलीय है।
- कथन 3 सही – थार मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी माना जाता है।
- कथन 4 गलत – थार मरुस्थल अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी भाग में स्थित है, न कि पूर्वी भाग में।

**3. [a]**
**व्याख्या:**
- **कथन 1 गलत –** राजस्थान का लगभग **दो-तिहाई (≈ 61%)** भाग मरुस्थलीय है, न कि एक-चौथाई से कम।
- **कथन 2 सही –** मरुस्थल में उच्च तापमान एवं कम वर्षा प्रमुख विशेषताएँ हैं।
- **कथन 3 सही –** अनियंत्रित पशुचारण, चरागाहों की कमी एवं वनों की कटाई मरुस्थलीकरण को बढ़ाते हैं।
- **कथन 4 सही –** मरुस्थलीय मृदा में लवणीयता एवं क्षारीयता की समस्या सामान्य है।

**4. [d]**
**व्याख्या:-**
- थार मरुस्थल का विस्तार भारत में **85 प्रतिशत**, पाकिस्तान में **15 प्रतिशत** है। इसका विस्तार भारत में राजस्थान (62%), हरियाणा, गुजरात, पंजाब में है। थार का मरुस्थल उत्तर-पश्चिम में 640 किलोमीटर लम्बा व 300 किलोमीटर चौड़ा रेतीला मरुस्थल है। इसका कुल क्षेत्रफल **1,75,000 वर्ग कि.मी**. (डॉ. हरिमोहन सक्सेना की पुस्तक 'राजस्थान का भूगोल' में) है। यहाँ सर्वाधिक जैव विविधता पाई जाती है। अतः इस क्षेत्र को रूक्ष क्षेत्र कहते है। मरुस्थलीय क्षेत्र में जहाँ जल बेसिन पाये जाते हैं उसके चारों ओर हरियाली विकसित हो जाती है, जिसे नखलिस्तान (Oasis) कहते हैं।
- मरुस्थल का राजस्थान में सर्वाधिक विस्तार जबकि हरियाणा में न्यूनतम विस्तार है।

**5. [c]**
राजस्थान के भौतिक प्रदेशों का आधिकारिक वर्गीकरण और क्षेत्रफल विस्तार निम्न प्रकार है:
1. **पश्चिमी रेतीला मैदान:** यह राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग **61.11%** भाग कवर करता है
2. **अरावली पर्वतीय प्रदेश:** यह राज्य के लगभग **9%** भू-भाग पर विस्तृत है
3. **पूर्वी मैदान:** यह राज्य के लगभग **23.03%** (या लगभग 23%) क्षेत्र में फैला हुआ है
4. **दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश (हाड़ौती):** इसका विस्तार राज्य के लगभग **6.89%** भाग पर है

**6. [a]**
**व्याख्या:-**
**राजस्थान में दो प्रमुख भौगोलिक क्षेत्र आते हैं:**
**1. उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र (गंगानगर, हनुमानगढ़)** जो **इण्डो-गैंगेटिक प्लेन** यानी **उत्तरी वृहत मैदान** का भाग है।
**2. दक्षिण और पूर्वी भाग (कोटा, झालावाड़, डूँगरपुर)** जो **प्रायद्वीपीय पठार** का भाग है, विशेषकर **मालवा और दक्कन पठार** से जुड़ा हुआ है।

- भारत को सामान्यत: 05 भागों में बांटा गया है- हिमालय पर्वत, विशाल मध्यवर्ती मैदान, तटवर्ती मैदान, प्रायद्वीपीय पठार, द्वीप समूह।
- इस क्षेत्र की प्रमुख नदी चंबल है जो चित्तौड़गढ़ के समीप चुलिया जल प्रपात बनाती है।

**7. [d]**

**व्याख्या**

- (a) हाड़ौती पठार: इसे ऐतिहासिक रूप से हाड़ा चौहानों के शासन के कारण 'हाड़ौती का पठार' कहा जाता है।
- (b) विस्तार: यह मुख्य रूप से कोटा, बूँदी, बारां और झालावाड़ जिलों में फैला हुआ है।
- (c) मुख्य नदी: चंबल इस क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण और जीवनदायिनी नदी है, जो यहाँ गहरे गार्ज और उपजाऊ मैदान बनाती है।
- (d) चूलिया जलप्रपात: यह जलप्रपात चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा (जो भौगोलिक रूप से दक्षिण-पूर्वी पठार का हिस्सा माना जाता है) में चंबल नदी पर स्थित है।

**8. [d]**

**व्याख्या:-**

| **राजस्थान में वर्षा का वितरण इस प्रकार है -** | |
|---|---|
| **प्राकृतिक भाग** | **औसत वर्षा** |
| अ. उत्तरी-पश्चिमी रेगिस्तान | 12-15 सेमी. (कम से कम) |
| ब. पूर्वी मैदान | 40-80 सेमी. |
| स. मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र | 20-90 सेमी. (विविधता) |
| द. दक्षिण-पूर्वी पठार | 75 सेमी. या उससे अधिक |

**9. [a]**

**व्याख्या:–**

- **कथन 1 गलत** – सम्पूर्ण मरुस्थल केवल रेतीला नहीं है; इसमें पथरीले एवं लवणीय क्षेत्र भी हैं।
- **कथन 2 सही** – थार मरुस्थल लगभग **1,75,000 वर्ग किमी.** क्षेत्र में फैला है।
- **कथन 3 सही** – यह **25 सेमी. सम-वर्षा रेखा** के पश्चिम में स्थित है, जहाँ वर्षा अत्यल्प होती है।
- **कथन 4 सही** – भालेरी (चूरू) एवं मेंढा नदी घाटी (सीकर) में **बरखान (अर्धचंद्राकार) बालुका स्तूप** पाए जाते हैं।
- **कथन 5 गलत** – थार मरुस्थल **अरावली पर्वतमाला के पश्चिम** में स्थित है, न कि पूर्व में।

**10. [b]**

**व्याख्या:–**

- कथन (A) सही है – दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग (कोटा, झालावाड़, बारां आदि) में औसत वर्षा लगभग 80–120 सेमी. होती है, जो राज्य में सर्वाधिक है।
- कारण (R) भी सही है – थार मरुस्थल राजस्थान के पश्चिमी भाग में स्थित है, जहाँ वर्षा बहुत कम होती है।

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

- **(a) सही** – अरावली पर्वतमाला विश्व की प्राचीनतम वलित पर्वत श्रेणियों में से एक है।
- **(b) गलत** – उत्तर-पूर्वी मैदान मुख्यतः **चंबल एवं उसकी सहायक नदियों** द्वारा निर्मित है, न कि सिंधु नदी द्वारा।
- **(c) सही** – पश्चिमी बालुका मैदान (थार मरुस्थल) को टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।
- **(d) सही** – दक्षिण-पूर्वी पठार भू-वैज्ञानिक दृष्टि से **गौंडवाना लैण्ड** का विस्तारित भाग है।

**12. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय वृहत् मरुस्थल (थार मरुस्थल) राजस्थान के पश्चिमी और उत्तरी-पश्चिमी भाग में फैला है। इसमें **बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर जैसे शुष्क जिले** शामिल हैं, जो मरुस्थल के प्रमुख हिस्से हैं।

**13. [b]**

**व्याख्या:**

- राजस्थान के भौतिक विभागों को **पूर्व से पश्चिम** के क्रम में व्यवस्थित करने पर सही उत्तर (b) होगा।

**सही क्रम का विश्लेषण**

- राजस्थान के भौतिक स्वरूप को जब हम पूर्व (उत्तर-प्रदेश/मध्य प्रदेश की सीमा) से पश्चिम (पाकिस्तान की सीमा) की ओर देखते हैं, तो उनका क्रम इस प्रकार है:-

  **1. दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पठार (हाड़ौती पठार):** यह राज्य के सबसे पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित है।

  **2. पूर्वी मैदान:** हाड़ौती के पठार के पश्चिम में बनास और चंबल बेसिन का मैदानी भाग आता है।

  **3. अरावली श्रृंखला:** यह राजस्थान के मध्य में स्थित है, जो मैदान और मरुस्थल को अलग करती है।

  **4. पश्चिमी बालू मैदान (थार मरुस्थल):** यह राज्य के सबसे पश्चिम में स्थित रेतीला भाग है।

**14. [b]**

**व्याख्या:-**

- **कथन 1 गलत है:** महान सीमा भ्रंश भीलवाड़ा से नहीं गुजरता। बल्कि यह बांसवाड़ा से गुजरता है।
- **कथन 2 सही है:** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार **41.5%** क्षेत्र बालुका स्तूप-मुक्त है।
- **कथन 3 सही है:** लगभग **58.5%** (निकटतम **60%**) क्षेत्र बालुका स्तूपों से ढका है।
- **कथन 4 सही है:** यह भ्रंश बूँदी, सवाई माधोपुर, कोटा और चित्तौड़गढ़ जिलों की सीमाओं के सहारे विस्तृत है
- **महान सीमा भ्रंश** राजस्थान की एक **प्रमुख भू-सांवेगिक संरचना** है। यह एक भ्रंश रेखा है जो दो भौगोलिक इकाइयों को अलग करती है:
- **पूर्व में - विंध्यन श्रेणी**
- पश्चिम में - अरावली श्रृंखला
- महान सीमा भ्रंश की अवस्थिति:
- यह भ्रंश रेखा राजस्थान में उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिशा में विस्तृत है, और निम्नलिखित जिलों से होकर गुजरती है: कोटा, चित्तौड़गढ व सवाईमाधोपुर

**15. [d]**

**व्याख्या:-**

- **झालावाड़** हाड़ौती क्षेत्र में है, जो विध्यन पर्वत से बना पठारी क्षेत्र है। इसके बाद **बनास बेसिन** आता है, जो दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में फैला हुआ है। इसके बाद **अरावली पर्वतमाला** आती है जो राजस्थान को दो भागों में बाँटती है।
- इस क्रम से यह यात्रा सही होती है-
- हाड़ौती पठार → बनास बेसिन → मध्य अरावली → थल भाग (बीकानेर)
- हाड़ौती पठार मालवा के पठार पर स्थित है।

**16. [a]**

**व्याख्या:-**

**A. गुरुशिखर का पठार**

- समुद्रतल से 1360 मीटर ऊँचा।
- यह सिरोही जिले में स्थित है।
- अरावली पर्वतमाला की सर्वोच्च चोटी गुरुशिखर यहीं स्थित है।

**B. बीछिया का पठार**

- लगभग 1200 मीटर ऊँचाई।
- यह भी सिरोही क्षेत्र में स्थित है।

**C. माण्डलगढ़ का पठार**

- उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में स्थित।
- देसूरी दर्रे के मध्य क्षेत्र में पाया जाता है।

**D. लसाड़िया का पठार**

- ऊँचाई लगभग 325–650 मीटर।
- इसे काला-पटार क्षेत्र भी कहा जाता है।

**E. भैंसरोड़गढ़ का पठार**

- लगभग 450 मीटर ऊँचाई।
- यह क्षेत्र झालावाड़–मंदसौर तक विस्तृत है।

**17. [b]**

**व्याख्या:–**

- कथन I सही है: अरावली श्रेणी थार मरुस्थल के पश्चिम से पूर्व की ओर होने वाले विस्तार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- कथन II सही है: अरावली एक प्रमुख जल विभाजक है। इसके पूर्व से निकलने वाली नदियाँ (जैसे बनास) अपना जल बंगाल की खाड़ी में ले जाती हैं, जबकि पश्चिम से निकलने वाली नदियाँ (जैसे लूनी) अरब सागर की ओर जाती हैं।
- कथन III सही है: खनिज संसाधनों की प्रचुरता, नदियों का उद्गम स्थल होने, विविध वनस्पति और वन्यजीवों के कारण इसे राजस्थान की जीवन रेखा कहा जाता है।
- कथन IV गलत है: क्योंकि अरावली के पश्चिम से निकलने वाली नदियाँ अरब सागर की ओर जाती हैं, न कि बंगाल की खाड़ी की ओर। बंगाल की खाड़ी में जल ले जाने वाली नदियाँ अरावली के पूर्व से निकलती हैं।

**18. [b]**

**व्याख्या:-**

- बर्र दर्रा (A-2): यह मध्य अरावली का प्रमुख दर्रा है जो अजमेर को पाली जिले से जोड़ता है।
- शिवपुरा व सूरा घाट (B-3): ये दर्रे अजमेर को राजसमन्द से जोड़ने का मार्ग प्रदान करते हैं।
- फुलवारी की नाल (C-1): यह प्रसिद्ध नाल/दर्रा राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित है।
- हाथीगुढ़ा नाल **(D-4):** यह राजसमन्द में स्थित है और मेवाड़ को मारवाड़ (राजसमन्द को पाली) से जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों में से एक है।

**19. [c]**

**व्याख्या:-**

- **कथन I सत्य है:** विन्ध्यन कगार चूना पत्थर (**Limestone**) और बलुआ पत्थर (**Sandstone**) से निर्मित हैं, जिनका विस्तार धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर तक है।
- **कथन II सत्य है:** दक्कन लावा पठार का निर्माण क्रिटेशियस काल में ज्वालामुखी क्रिया से हुआ है। यहाँ **रेगुर (काली) मृदा** पाई जाती है, जिसे इसकी जल धारण क्षमता के कारण 'स्वतः जुताई वाली मृदा' भी कहते हैं।
- **कथन III सत्य है:** चम्बल, कालीसिंध और पार्वती नदियों ने बारां व कोटा क्षेत्र में उपजाऊ **त्रिकोणीय जलोढ़ मैदानों** का निर्माण किया है।
- **कथन IV गलत है:** आपकी जानकारी के अनुसार, उच्चावच की दृष्टि से हाड़ौती के पठार को **5 धरातलीय प्रदेशों** (अर्द्धचन्द्राकार पर्वत, नदी निर्मित मैदान, शाहबाद उच्च स्थल, झालावाड़ पठार, और डग-गंगधार क्षेत्र) में विभक्त किया गया है, न कि तीन में।

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

- कथन I सही है: शाहबाद उच्च क्षेत्र बारां जिले में स्थित है और यह मुख्य रूप से 300 मीटर की समोच्च रेखा से आवृत है।
- कथन II सही है: रामगढ़ ग्राम के निकट पर्वत श्रेणी की आकृति विशिष्ट रूप से घोड़े की नाल जैसी है।
- कथन III गलत है: आपकी जानकारी के अनुसार, रामगढ़ क्रेटर का निर्माण ज्वालामुखी क्रिया से नहीं, बल्कि उल्का पिण्ड के गिरने से हुआ है।
- कथन IV सही है: अपनी विशिष्ट भू-वैज्ञानिक संरचना के कारण इसे जियो हेरिटेज साइट घोषित किया गया है।

**21 [a]**

**व्याख्या:-**

- **परिभाषा:** बृहत सीमान्त भ्रंश (**Great Boundary Fault - GBF)** एक प्रमुख भू-वैज्ञानिक संरचना है जो अरावली पर्वतमाला और विन्ध्याचल पर्वतमाला के मिलन स्थल को अलग करती है।
- **विस्तार:** यह भ्रंश राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी भाग में मुख्य रूप से **बूँदी, सवाई माधोपुर, धौलपुर और चित्तौड़गढ़** के सहारे विस्तृत है।
- **महत्व:** यह क्षेत्र भू-गर्भीय हलचलों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और राज्य के दक्षिण-पूर्वी पठार (हाड़ौती) की सीमा निर्धारित करता है।

**22. [d]**

**व्याख्या:–**

- **रघुनाथगढ़ (सीकर):** इसकी ऊँचाई **1055 मीटर** है। यह उत्तरी अरावली की सबसे ऊँची चोटी है।
- **ऋषिकेश (सिरोही):** इसकी ऊँचाई **1017 मीटर** है।
- **तारागढ़ (अजमेर):** इसकी ऊँचाई **873 मीटर** है। यह मध्य अरावली की प्रमुख चोटी है।

  **नागपानी (उदयपुर):** इसकी ऊँचाई **867 मीटर** है।

**23. [b]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 (गलत): भौराट का पठार उदयपुर (गोगुन्दा) और राजसमन्द (कुम्भलगढ़) के मध्य स्थित है। इस पठार का सर्वोच्च बिंदु जरगा पर्वत (1431 मीटर) है, न कि कुम्भलगढ़ (1224 मीटर)।
- कथन 2 (सही): रघुनाथगढ़, जो सीकर जिले में स्थित है, 1055 मीटर की ऊँचाई के साथ उत्तरी अरावली का सबसे ऊँचा शिखर है।
- कथन 3 (सही): उड़िया पठार राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार (1360 मीटर) है, जो सिरोही जिले में माउण्ट आबू के पास गुरुशिखर के ठीक नीचे स्थित है।

**24. [c]**

**व्याख्या:–**

- कथन (A) की व्याख्या: यह बिल्कुल सही है। थार का मरुस्थल विश्व का सबसे अधिक 'जनसंख्या वाला' और 'जैव-विविधता वाला' मरुस्थल है। जहाँ सहारा या गोबी जैसे मरुस्थलों में जनसंख्या नगण्य है, वहीं थार में कृषि और पशुपालन के कारण जनघनत्व अन्य मरुस्थलों से काफी बेहतर है।
- कारण (R) की व्याख्या: यह गलत है। थार मरुस्थल में अनुकूल जलवायु नहीं बल्कि 'विषम जलवायु' पाई जाती है। यहाँ वर्षा बहुत कम (औसत 20-50 सेमी) होती है। यहाँ जनसंख्या अधिक होने का कारण अनुकूल जलवायु नहीं, बल्कि इंदिरा गांधी नहर द्वारा पानी की उपलब्धता और लोगों का जुझारू स्वभाव है।

♦♦♦♦

# भारत का भूगोल

# 01 प्रमुख भौतिक विशेषताएँ

**1.** **भारत के भौतिक विभाजन के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. भारत के कुल क्षेत्रफल का लगभग 43% भाग मैदानी है।**
**2. लगभग 27.7% भाग पठारी है।**
**3. लगभग 18.6% भाग पहाड़ी है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) 1, 2 व 3 (d) केवल 1

**2.** **हिमालय पर्वत के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): हिमालय एक नवीन मोड़दार पर्वतमाला है।**
**कारण (R): इसका निर्माण टेथिस सागर के अवसादों के संपीडन से हुआ है तथा यह अभी भी सक्रिय है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A सही है, पर R गलत है
(b) A गलत है, पर R सही है
(c) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(d) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

**3.** **हिमालय की श्रेणियों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. ट्रांस हिमालय मुख्य हिमालय के उत्तर में स्थित है**
**2. वृहद् हिमालय को हिमाद्रि कहा जाता है**
**3. मध्य हिमालय को शिवालिक भी कहा जाता है**
**4. शिवालिक श्रेणी सबसे बाहरी भाग में स्थित है**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

**4.** **सूची–I (श्रेणी) को सूची–II (विशेषता) से सुमेलित कीजिए–**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a. वृहद् हिमालय | I. सबसे बाहरी श्रेणी |
| b. शिवालिक | II. औसत ऊँचाई ~6000 मीटर |
| c. मध्य हिमालय | III. हिमाचल |
| d. ट्रांस हिमालय | IV. तिब्बत के समीप |

**सही विकल्प चुनिए–**
(a) a-II, b-I, c-III, d-IV (b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-III, b-I, c-II, d-IV (d) a-II, b-III, c-I, d-IV

**5.** **शिवालिक श्रेणी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह हिमालय की सबसे बाहरी श्रेणी है**
**2. इसका निर्माण मुख्यतः अवसादी पदार्थों से हुआ है**
**3. यह हिमालय की सबसे प्राचीन श्रेणी है**
**4. इसकी ऊँचाई सामान्यतः 900–1200 मीटर के बीच होती है**
**सही उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**6.** **उत्तरी मैदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इसका निर्माण मुख्यतः सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा लाए गए जलोढ़ निक्षेपों से हुआ है।**
**2. इसकी चौड़ाई सामान्यतः 150–300 किमी के बीच होती है।**
**3. यह क्षेत्र मुख्यतः आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।**
**4. यह विश्व के सबसे उपजाऊ मैदानों में से एक है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

**7.** **भाबर क्षेत्र के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह शिवालिक के गिरिपद क्षेत्र में स्थित है।**
**2. यहाँ नदियाँ भूमिगत हो जाती हैं।**
**3. यह अत्यंत उपजाऊ कृषि क्षेत्र है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 व 2
(c) केवल 2 व 3 (d) 1, 2 व 3

**8.** **तराई क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): तराई क्षेत्र भाबर के दक्षिण में स्थित दलदली एवं आर्द्र क्षेत्र है।**
**कारण (R): इस क्षेत्र में नदियों का जल पुनः सतह पर प्रकट हो जाता है, जिससे भूमि नम और उपजाऊ बनती है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A सही है, पर R गलत है
(b) A गलत है, पर R सही है
(c) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(d) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

**9.** **खादर भूमि के संदर्भ में निम्नलिखित का सुमेलन कीजिए–**

| सूची–I (विशेषता) | सूची–II (विवरण) |
|---|---|
| a. खादर मिट्टी | I. पुरानी जलोढ़, ऊँचा भाग |
| b. बांगर मिट्टी | II. नवीन जलोढ़, बाढ़ क्षेत्र |
| c. खादर क्षेत्र | III. प्रतिवर्ष अवसाद जमाव |
| d. बांगर क्षेत्र | IV. अपेक्षाकृत कम उर्वरता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) a-I, b-II, c-III, d-IV (b) a-II, b-I, c-III, d-IV
(c) a-II, b-IV, c-I, d-III (d) a-III, b-II, c-IV, d-I

**10.** **बांगर भूमि के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह पुरानी जलोढ़ मिट्टी से निर्मित होती है।**
**2. यह सामान्यतः बाढ़ के मैदान से ऊँची होती है।**
**3. इसमें रेह और कल्लर जैसी लवणीय मिट्टी पाई जाती है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) 1, 2 व 3 (d) केवल 1

**11.** **थार मरुस्थल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इसका विस्तार अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी भाग में पाया जाता है।**
**2. लूनी नदी इस क्षेत्र की प्रमुख अंत:स्थलीय (Inland) नदी है।**
**3. यह विश्व के मरुस्थलों में अत्यंत न्यून जनसंख्या घनत्व वाला क्षेत्र माना जाता है।**
**4. इस क्षेत्र में रेत के टीलों (Sand dunes) का व्यापक विकास पाया जाता है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**12. प्रायद्वीपीय पठार के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): प्रायद्वीपीय पठार भारत का अत्यंत प्राचीन भूभाग है।**
**कारण (R): इसका निर्माण मुख्यतः क्रिस्टलीय, आग्नेय एवं रूपांतरित चट्टानों से हुआ है तथा यह गोंडवाना भूभाग का भाग रहा है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A सही है, पर R गलत है
(b) A गलत है, पर R सही है
(c) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(d) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

**13. छोटा नागपुर पठार के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. दामोदर नदी इसकी प्रमुख नदी है।**
**2. यहाँ कोयले के बड़े भंडार पाए जाते हैं।**
**3. इसकी सबसे ऊँची चोटी पारसनाथ है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) 1, 2 व 3 (d) केवल 3

**14. अरावली पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह विश्व की अत्यंत प्राचीन व अपक्षयित पर्वतमालाओं में गिनी जाती है।**
**2. इसका विस्तार उत्तर-पूर्व (दिल्ली) से दक्षिण-पश्चिम (गुजरात) दिशा में है।**
**3. गुरु शिखर, माउंट आबू क्षेत्र में स्थित इसकी सर्वोच्च चोटी है।**
**4. यह भारत की सबसे ऊँची पर्वतमाला है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

**15. पश्चिमी घाट के संदर्भ में निम्नलिखित का सुमेलन कीजिए–**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a. पश्चिमी घाट | I. सह्याद्रि |
| b. विस्तार | II. अरब सागर तट के समानांतर |
| c. पश्चिमी ढाल | III. तीव्र ढाल |
| d. पूर्वी ढाल | IV. अपेक्षाकृत मंद |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) a-II, b-I, c-III, d-IV
(b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-III, b-II, c-I, d-IV
(d) a-I, b-II, c-III, d-IV

**16. ट्रांस हिमालय के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह महान हिमालय के उत्तर में स्थित है।**
**2. इसमें कराकोरम, लद्दाख और जास्कर पर्वत शामिल हैं।**
**3. यह हिमालय की सबसे नवीन श्रेणी है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 व 3 (d) 1, 2 व 3

**17. हिमालय की प्रमुख चोटियों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): कंचनजंगा भारत की सर्वोच्च चोटी है तथा नंदा देवी दूसरी सर्वोच्च चोटी मानी जाती है।**
**कारण (R): माउंट एवरेस्ट भारत की सीमा के भीतर स्थित है, इसलिए उसे भारतीय चोटियों में शामिल किया जाता है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A सही है, पर R गलत है
(b) A गलत है, पर R सही है
(c) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(d) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

**18. हिमालयी दर्रों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. नाथुला दर्रा सिक्किम में स्थित है।**
**2. रोहतांग दर्रा हिमाचल प्रदेश में स्थित है।**
**3. खैबर दर्रा भारत में स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 व 3 (d) 1, 2 व 3

**19. उत्तरी मैदान के निर्माण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इसका निर्माण मुख्यतः हिमालय से निकली नदियों द्वारा लाए गए अवसादों से संबंधित है।**
**2. इसका विस्तार विश्व के विस्तृत जलोढ़ मैदानों में गिना जाता है।**
**3. इसकी संरचना ज्वालामुखीय उद्गारों से उत्पन्न चट्टानों पर आधारित मानी जाती है।**
**4. इस क्षेत्र में अवसादी निक्षेपों की परतें निरंतर विकसित होती रहती हैं।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**20. गंगा मैदान के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इसका विस्तार उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में है।**
**2. यहाँ गोखुर झीलें पाई जाती हैं।**
**3. इसका निर्माण केवल प्रायद्वीपीय नदियों द्वारा हुआ है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 व 2
(c) केवल 2 व 3 (d) 1, 2 व 3

**21. प्रायद्वीपीय पठार के संदर्भ में निम्नलिखित का सुमेलन कीजिए–**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a. प्राचीनता | I. 600–900 मीटर औसत ऊँचाई |
| b. ऊँचाई | II. भारत का प्राचीन भूभाग |
| c. नदी प्रवाह | III. पूर्व की ओर प्रमुख प्रवाह |
| d. संरचना | IV. स्थिर भू-आकृतिक इकाई |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) a-I, b-II, c-III, d-IV (b) a-II, b-I, c-III, d-IV
(c) a-II, b-III, c-I, d-IV (d) a-IV, b-I, c-II, d-III

**22. नर्मदा नदी के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): नर्मदा नदी भ्रंश घाटी में पश्चिम की ओर प्रवाहित होकर अरब सागर में गिरती है।**
**कारण (R): नर्मदा नदी गंगा नदी तंत्र का भाग है और उसी की सहायक नदी के रूप में प्रवाहित होती है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A सही है, पर R गलत है
(b) A गलत है, पर R सही है
(c) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(d) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

**23. पश्चिमी घाट के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह भारत की जैव विविधता का महत्वपूर्ण क्षेत्र है।**
**2. इसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है।**
**3. यह पूर्वी घाट से ऊँचा है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) 1, 2 व 3 (d) केवल 1

**24. पूर्वी घाट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह असतत (discontinuous) पर्वतमाला के रूप में पाई जाती है।**
**2. इसकी ऊँचाई सामान्यतः पश्चिमी घाट की तुलना में अधिक मानी जाती है।**
**3. गोदावरी, कृष्णा और महानदी जैसी नदियों द्वारा इसे कई स्थानों पर विच्छेदित किया गया है।**
**4. यह बंगाल की खाड़ी के समानांतर फैली हुई है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**25. पश्चिमी तटीय मैदान के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): पश्चिमी तटीय मैदान पश्चिमी घाट और अरब सागर के मध्य स्थित एक संकीर्ण तटीय पट्टी है।**
**कारण (R): इस क्षेत्र में कई प्राकृतिक बंदरगाह विकसित हुए हैं, क्योंकि तटरेखा गहरी एवं कटी-फटी (indented) है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A सही है, पर R गलत है
(b) A गलत है, पर R सही है
(c) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(d) A और R दोनों सही हैं, पर R, A की सही व्याख्या नहीं है

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [c]**
**व्याख्या:**
◈ भारत के भू-आकृतिक स्वरूप में लगभग 43% भाग मैदानी, 27.7% पठारी, 18.6% पहाड़ी तथा लगभग 10.5% भाग पर्वतीय क्षेत्र में आता है। यह वितरण भारत की विविध भौतिक संरचना को दर्शाता है।

**2. [c]**
**व्याख्या:**
◈ हिमालय नवीन मोड़दार पर्वतमाला है
◈ इसका निर्माण प्लेट टेक्टोनिक संपीडन से हुआ
◈ टेथिस सागर के अवसाद उठे
◈ आज भी भूकंपीय रूप से सक्रिय
◈ इसलिए R, A की सही व्याख्या करता है

**3. [a]**
**व्याख्या:**
◈ ट्रांस हिमालय उत्तर में (सही)
◈ वृहद् = हिमाद्रि (सही)
◈ मध्य हिमालय ≠ शिवालिक (गलत)
◈ शिवालिक बाहरी (सही)
◈ इसलिए 1,2,4 सही

**4. [a]**
**व्याख्या:**
◈ वृहद् → 6000m
◈ शिवालिक → बाहरी
◈ मध्य → हिमाचल
◈ ट्रांस → तिब्बत क्षेत्र

**5. [c]**
**व्याख्या:**
◈ शिवालिक बाहरी (सही)
◈ अवसादी संरचना (सही)
◈ प्राचीन नहीं, नवीन (गलत)
◈ ऊँचाई 900–1200 m (सही)

**6. [a]**
**व्याख्या:**
◈ उत्तरी मैदान जलोढ़ (Alluvial) निक्षेपों से बना है → सही
◈ चौड़ाई 150–300 किमी → सही
◈ आग्नेय चट्टान नहीं, अवसादी संरचना → गलत
◈ अत्यंत उपजाऊ क्षेत्र (गंगा मैदान) → सही

**7. [b]**
**व्याख्या:**
◈ भाबर क्षेत्र शिवालिक के पादप्रदेश में पाया जाता है जहाँ कंकड़, पत्थर और बजरी के कारण नदियाँ भूमिगत हो जाती हैं। यह क्षेत्र अत्यधिक पारगम्य होने के कारण कृषि के लिए उपयुक्त नहीं होता।

**8. [c]**
**व्याख्या:**
◈ तराई क्षेत्र भाबर के ठीक दक्षिण में पाया जाता है
◈ भाबर क्षेत्र में अवशोषित जल यहाँ पुनः सतह पर आता है
◈ सतही जल की अधिकता के कारण दलदली परिस्थितियाँ विकसित होती हैं
◈ मिट्टी में नमी बनी रहने से कृषि की अनुकूल दशाएँ निर्मित होती हैं
◈ कारण कथन, क्षेत्र की प्रकृति को स्पष्ट करता है

**9. [b]**
**व्याख्या:**
◈ खादर क्षेत्र नदी के बाढ़ मैदान से संबंधित होता है
◈ इसमें नवीन जलोढ़ अवसाद पाए जाते हैं
◈ प्रत्येक वर्ष बाढ़ के साथ नई मिट्टी का निक्षेप होता है
◈ बांगर अपेक्षाकृत ऊँचे भाग में स्थित पुरानी जलोढ़ भूमि होती है
◈ उर्वरता की दृष्टि से खादर अधिक सक्षम माना जाता है

**10. [c]**
**व्याख्या:**
◈ बांगर भूमि पुरानी जलोढ़ मिट्टी से बनी होती है और बाढ़ के मैदान से ऊँची होने के कारण यहाँ नई मिट्टी का जमाव नहीं होता। कई स्थानों पर इसमें रेह या कल्लर जैसी लवणीय मिट्टी भी पाई जाती है।

**11. [c]**
**व्याख्या:**
◈ थार मरुस्थल का विस्तार अरावली के पश्चिमी भाग में देखा जाता है
◈ लूनी नदी आंतरिक अपवाह तंत्र वाली प्रमुख नदी है
◈ जनसंख्या घनत्व की दृष्टि से यह अन्य मरुस्थलों की तुलना में अधिक सघन आबादी वाला क्षेत्र है
◈ मरुस्थलीय स्थलाकृति में बालू के टीलों का व्यापक प्रसार मिलता है

**12. [c]**
**व्याख्या:**
◈ प्रायद्वीपीय पठार का संबंध प्राचीन भूवैज्ञानिक संरचना से है
◈ इसका जुड़ाव गोंडवाना भूभाग से माना जाता है

- इसमें क्रिस्टलीय एवं रूपांतरित चट्टानों की प्रधानता पाई जाती है
- यह संरचना अत्यंत स्थिर एवं कठोर मानी जाती है
- कारण कथन, इसकी प्राचीनता को आधार प्रदान करता है

**13. [c]**

**व्याख्या:**

- छोटानागपुर पठार खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है जहाँ कोयले के बड़े भंडार पाए जाते हैं। दामोदर नदी यहाँ की प्रमुख नदी है तथा पारसनाथ इसकी सबसे ऊँची चोटी है।

**14. [d]**

**व्याख्या:**

- अरावली का संबंध अत्यंत प्राचीन भू-आकृतिक संरचनाओं से है
- इसका विस्तार दिल्ली से गुजरात की ओर तिरछी दिशा में देखा जाता है
- गुरु शिखर (माउंट आबू) इसकी उच्चतम चोटी के रूप में प्रसिद्ध है
- ऊँचाई की दृष्टि से यह हिमालय जैसी युवा पर्वतमालाओं से भिन्न है

**15. [d]**

**व्याख्या:**

- पश्चिमी घाट को सह्याद्रि नाम से भी जाना जाता है
- इसका विस्तार अरब सागर तट के समानांतर देखा जाता है
- पश्चिमी भाग में ढाल अधिक तीव्र पाई जाती है
- पूर्वी दिशा में ढाल क्रमशः कम होती जाती है

**16. [a]**

**व्याख्या:**

- ट्रांस हिमालय महान हिमालय के उत्तर में स्थित है तथा इसमें कराकोरम, लद्दाख और जास्कर श्रेणियाँ आती हैं। यह नवीन श्रेणी नहीं है, बल्कि हिमालय की बाहरी श्रेणी शिवालिक को नवीनतम माना जाता है।

**17. [a]**

**व्याख्या:**

- कंचनजंगा भारतीय संदर्भ में सर्वोच्च चोटी के रूप में मानी जाती है
- नंदा देवी इसके बाद प्रमुख उच्च शिखर है
- माउंट एवरेस्ट का स्थान नेपाल–तिब्बत (चीन) सीमा क्षेत्र में है
- भारतीय सीमा के बाहर होने के कारण इसे भारतीय चोटियों की श्रेणी में नहीं रखा जाता
- कारण कथन, भौगोलिक स्थिति से मेल नहीं खाता

**18. [a]**

**व्याख्या:**

- नाथुला दर्रा सिक्किम में भारत-तिब्बत मार्ग पर स्थित है तथा रोहतांग दर्रा हिमाचल प्रदेश में है। खैबर दर्रा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच स्थित है।

**19. [c]**

**व्याख्या:**

- उत्तरी मैदान का संबंध हिमालयी नदियों द्वारा लाए गए अवसादों से है
- यह क्षेत्र विश्व के प्रमुख जलोढ़ मैदानों में शामिल किया जाता है
- यहाँ अवसादी परतों का क्रमिक निक्षेपण होता रहता है
- ज्वालामुखीय चट्टानों की अपेक्षा अवसादी संरचना का प्रभुत्व पाया जाता है

**20. [b]**

**व्याख्या:**

- गंगा मैदान हिमालयी नदियों द्वारा लाए गए अवसादों से बना है। यहाँ नदियों के विसर्प के कारण गोखुर झीलें बनती हैं। इसका निर्माण केवल प्रायद्वीपीय नदियों से नहीं हुआ।

**21. [b]**

**व्याख्या:**

- प्रायद्वीपीय पठार का संबंध अत्यंत प्राचीन भू-आकृतिक संरचना से है
- इसकी औसत ऊँचाई लगभग 600–900 मीटर के मध्य पाई जाती है
- अधिकांश नदियाँ पूर्व की दिशा में प्रवाहित होकर बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं
- यह क्षेत्र भूगर्भीय रूप से स्थिर एवं कठोर इकाई के रूप में जाना जाता है

**22. [a]**

**व्याख्या:**

- नर्मदा का प्रवाह भ्रंश (rift) घाटी से संबंधित है
- यह पश्चिम की ओर बहते हुए अरब सागर में मिलती है
- इसका अपवाह तंत्र गंगा प्रणाली से भिन्न एवं स्वतंत्र है
- यह पेनिन्सुलर नदी तंत्र का प्रमुख भाग है
- कारण कथन, नदी के वास्तविक अपवाह तंत्र से मेल नहीं खाता

**23. [c]**

**व्याख्या**

- पश्चिमी घाट जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र है और 2012 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया। इसकी औसत ऊँचाई पूर्वी घाट से अधिक है।

**24. [c]**

**व्याख्या:**

- पूर्वी घाट का स्वरूप सतत न होकर खंडित रूप में पाया जाता है
- प्रमुख नदियाँ इसे अनेक भागों में विभाजित करती हैं
- इसकी ऊँचाई पश्चिमी घाट की अपेक्षा कम पाई जाती है
- इसका विस्तार प्रायः पूर्वी तट के समानांतर देखा जाता है

**25. [c]**

**व्याख्या:**

- पश्चिमी तटीय मैदान का विस्तार पश्चिमी घाट और अरब सागर के बीच पाया जाता है
- यह क्षेत्र अपेक्षाकृत संकीर्ण तटीय पट्टी के रूप में विकसित है
- तटरेखा में कटाव और गहराई के कारण प्राकृतिक बंदरगाहों का विकास होता है
- कोंकण और मालाबार तट इसके प्रमुख भाग माने जाते हैं
- कारण कथन**,** तटीय विशेषताओं को स्पष्ट करता है

♦♦♦♦

# विश्व का भूगोल

## महाद्वीप

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. एशिया महाद्वीप का लगभग 30% विश्व के कुल स्थलीय क्षेत्रफल में भाग है।**
**2. एशिया की लगभग 60% वैश्विक जनसंख्या है।**
**3. एशिया पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।**
**4. मृत सागर विश्व का सबसे निम्न स्थल बिंदु है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

2. **एशिया के पर्वतीय तंत्र के संदर्भ में विचार कीजिए –**
**1.पामीर का पठार "विश्व की छत" कहलाता है।**
**2.हिमालय पर्वत एशिया के पूर्वी भाग में स्थित है।**
**3.टियेनशान और कुनलुन पर्वत मध्य एशिया में स्थित हैं।**
**4.अराकान योमा म्यांमार में स्थित पर्वत श्रृंखला है।**
**असंगत उत्तर चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. **एशिया के मरुस्थलों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें–**
**1.गोबी मरुस्थल एक शीत मरुस्थल है।**
**2.रूब अल खाली अरब प्रायद्वीप में स्थित है।**
**3.तकला मकान मरुस्थल भारत में स्थित है।**
**4.काराकुम मरुस्थल तुर्कमेनिस्तान में है।**
**गलत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2, 3 और 4

4. **निम्नलिखित में अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए–**
**अभिकथन (A):यांग्त्सी एशिया की सबसे लंबी नदी है तथा गंगा बंगाल की खाड़ी में गिरती है।**
**कारण (R):आमूर नदी रूस और चीन के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा बनाती है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

5. **सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए–**

| सूची–I (तथ्य) | सूची–II (विवरण) |
|---|---|
| a. भूमध्य रेखा | I. अफ्रीका के पश्चिमी भाग से गुजरती है |
| b. कर्क व मकर रेखाएँ | II. केवल उत्तरी गोलार्द्ध में स्थिति दर्शाती है |
| c. ग्रीनविच रेखा | III. अफ्रीका को दो भागों में विभाजित करती है |
| d. अफ्रीका की स्थिति | IV. दोनों रेखाएँ अफ्रीका से गुजरती हैं |

**सही विकल्प चुनिए–**
(a) a-III, b-IV, c-I, d-II (b) a-II, b-I, c-III, d-IV
(c) a-III, b-I, c-IV, d-II (d) a-I, b-IV, c-II, d-III

6. **अफ्रीका की नदियों के संदर्भ में विचार करें –**
**1.नील नदी विश्व की सबसे लंबी नदी मानी जाती है।**
**2.कांगो नदी भूमध्य रेखा को दो बार काटती है।**
**3.ज़ाम्बेजी नदी पर विक्टोरिया जलप्रपात स्थित है।**
**4.नाइजर नदी सहारा मरुस्थल से निकलती है।**
**असंगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 4
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 4

7. **निम्न में से असंगत कथन की पहचान कीजिए–**
(a) सहारा विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है।
(b) कालाहारी मरुस्थल बोत्सवाना में स्थित है।
(c) नामीब मरुस्थल अफ्रीका के पूर्वी तट पर स्थित है।
(d) कालाहारी मरुस्थल दक्षिणी अफ्रीका के देशों में विस्तृत है।

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1.उत्तरी अमेरिका पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।**
**2.बेरिंग जलसंधि उत्तरी अमेरिका को एशिया से अलग करती है।**
**3.पनामा नहर उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका को अलग करती है।**
**4.ग्रीनलैंड प्रशासनिक रूप से डेनमार्क का भाग है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3
(b) 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

9. **निम्न कथनों पर विचार कीजिए –**
**1.एंडीज विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है।**
**2.अमेजन नदी विश्व की सबसे बड़ी जलप्रवाह प्रणाली है।**
**3.पम्पास घास के मैदान अर्जेंटीना में हैं।**
**4.आटाकामा मरुस्थल विश्व का सबसे आर्द्र मरुस्थल है।**
**गलत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 4
(d) 1, 2, 3 और 4

10. **यूरोप के भौगोलिक तथ्यों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यूरोप पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।**
**2. माउंट एल्ब्रुस यूरोप का सर्वोच्च शिखर है।**
**3. वोल्गा यूरोप की सबसे लंबी नदी है।**
**4. डेन्यूब नदी सर्वाधिक देशों से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदी है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 4

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. अंटार्कटिका विश्व का सबसे ऊँचा औसत ऊँचाई वाला महाद्वीप है।**
**2.यहाँ कोई स्थायी मानव आबादी नहीं है।**
**3.ऑनिक्स नदी अंटार्कटिका की सबसे लंबी नदी है।**
**4.माउंट इरेबस एक सक्रिय ज्वालामुखी है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 4
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**12. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए–**

| सूची–I (तत्व) | सूची–II (विशेषता) |
|---|---|
| a. ऑस्ट्रेलिया की स्थिति | I. सबसे लंबी नदी |
| b. माउंट कोसियुस्को | II. दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित |
| c. मरे नदी | III. विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति |
| d. ग्रेट बैरियर रीफ | IV. सर्वोच्च शिखर |

**सही विकल्प चुनिए–**
(a) a-II, b-IV, c-I, d-III
(b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-II, b-I, c-III, d-IV
(d) a-IV, b-II, c-I, d-III

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1.तिब्बत का पठार विश्व का सबसे ऊँचा पठार है।**
**2.मंगोलिया का पठार एशिया में स्थित है।**
**3.दक्कन का पठार दक्षिण अमेरिका में स्थित है।**
**4.ईरान का पठार पश्चिमी एशिया में स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**14. एशिया की झीलों के संदर्भ में विचार कीजिए –**
**1.बैकाल झील विश्व की सबसे गहरी झील है।**
**2.बाल्कश झील मिश्रित जल वाली झील है।**
**3.टोनले सैप झील कंबोडिया में स्थित है।**
**4.वॉन झील भारत में स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**15. प्रश्न: निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**
**कथन (A): जाम्बिया और लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (DRC) के बीच स्थित कटंगा पठार अफ्रीका का एक महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र है।**
**कारण (R): यह क्षेत्र विश्व स्तर पर सोने (Gold) के विशाल भंडार और खनन के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण इसे 'अफ्रीका का स्वर्ण हृदय' कहा जाता है।**
**कूट:**
(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

**16. अफ्रीका की झीलों के संदर्भ में विचार करें –**
**1.विक्टोरिया झील अफ्रीका की सबसे बड़ी झील है।**
**2.टैंगानिका झील विश्व की सबसे गहरी झील है।**
**3.मलावी झील दक्षिणपूर्व अफ्रीका में स्थित है।**
**4.तुर्काना झील केन्या और इथियोपिया के बीच है।**
**संगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3
(b) 2 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**17. उत्तरी अमेरिका के पर्वतीय तंत्र के संदर्भ में विचार करें –**
**1.रॉकी पर्वत पश्चिमी कॉर्डिलेरा का भाग हैं।**
**2.अप्लेशियन पर्वत महाद्वीप के पूर्वी भाग में हैं।**
**3.सिएरा नेवादा पर्वत यूरोप में स्थित हैं।**
**4.कैस्केड पर्वत अमेरिका में स्थित हैं।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 4
(b) 1 और 3
(c) 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**
**कथन (A): कनाडा में स्थित एथाबास्का झील (Lake Athabasca) क्षेत्र उत्तरी अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में से एक है।**
**कारण (R): यह झील और इसके आस-पास का क्षेत्र विश्व स्तर पर सोने (Gold) के विशाल भंडार और बड़े पैमाने पर खनन के लिए प्रसिद्ध है।**
**कूट:**
(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

**19. दक्षिण अमेरिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–**
**1. एंडीज विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है।**
**2. ब्राजील महाद्वीप का सबसे बड़ा देश है।**
**3. पम्पास घास के मैदान अर्जेंटीना में हैं।**
**4. टिटिकाका झील विश्व की सबसे ऊँचाई पर स्थित नौगम्य झील है।**
**संगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**20. दक्षिण अमेरिका के मरुस्थलों के संदर्भ में विचार करें –**
**1. टाकामा विश्व का सबसे शुष्क मरुस्थल है।**
**2. टागोनिया शीत मरुस्थल है।**
**3. ग्वानो पक्षी की बीट से नाइट्रेट उर्वरक बनता है।**
**4. आटाकामा ब्राजील में स्थित है।**
**असंगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2
(b) केवल 4
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

21. **यूरोप के नदी और पर्वत तंत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन अवधारणात्मक रूप से गलत है?**
(a) माउंट एल्ब्रुस, जो काकेशस पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है, यूरोप महाद्वीप का सबसे ऊँचा शिखर माना जाता है।
(b) वोल्गा नदी यूरोप की सबसे लंबी नदी है, जो अपना जल कैस्पियन सागर के बंद बेसिन में विसर्जित करती है।
(c) डेन्यूब नदी यूरोप की एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नदी है, जो अपना प्रवाह मार्ग पूरा करने के बाद उत्तरी सागर में विसर्जित होती है।
(d) राइन नदी यूरोप के व्यस्ततम जलमार्गों में से एक है, जिसका निकास नीदरलैंड के तट के पास उत्तरी सागर में होता है।

22. **अंटार्कटिका के संदर्भ में विचार करें –**
**1.यह पूर्णतः बर्फ से ढका महाद्वीप है।**
**2.यहाँ कोई स्थायी जनसंख्या नहीं है।**
**3.विन्सन मासिफ इसका सर्वोच्च शिखर है।**
**4.ऑनिक्स नदी इसकी सबसे लंबी नदी है।**
**संगत विकल्प है –**
(a) 1 और 3 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

23. **प्रश्न: ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की भौगोलिक विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. ग्रेट डिवाइडिंग रेंज महाद्वीप के पश्चिमी तट के समांतर उत्तर से दक्षिण तक फैली है।**
**2. मरे (Murray) नदी और इसकी सहायक डार्लिंग, ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा नदी तंत्र बनाती हैं।**
**3. ग्रेट आर्टेशियन बेसिन आंतरिक शुष्क क्षेत्रों में जल की आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक स्रोत है।**
**4. कंगारू और कोआला जैसे जीव केवल ऑस्ट्रेलिया के भौगोलिक क्षेत्रों में ही प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

24. **ऑस्ट्रेलिया के मरुस्थलों के संदर्भ में विचार करें –**
**1.ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल ऑस्ट्रेलिया में है।**
**2.सिम्पसन मरुस्थल ऑस्ट्रेलिया में स्थित है।**
**3.गिब्सन मरुस्थल अफ्रीका में है।**
**असंगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 1 (d) 3 और 4

25. **महाद्वीपों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1.एशिया क्षेत्रफल और जनसंख्या दोनों में प्रथम है।**
**2.अफ्रीका क्षेत्रफल में द्वितीय स्थान पर है।**
**3.उत्तरी अमेरिका क्षेत्रफल में तृतीय स्थान पर है।**
**4.अंटार्कटिका जनसंख्या की दृष्टि से अंतिम है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 2 और 4

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [a]**
**व्याख्या:-**
- एशिया विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है और लगभग 30% भूमि क्षेत्र तथा लगभग 60% जनसंख्या का भाग रखता है। मृत सागर पृथ्वी का सबसे निम्न स्थल बिंदु है। एशिया पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में नहीं है, क्योंकि इंडोनेशिया के कुछ द्वीप दक्षिणी गोलार्द्ध में हैं।

**2. [b]**
**व्याख्या:-**
- पामीर पठार को विश्व की छत कहा जाता है। टियेनशान और कुनलुन पर्वत मध्य एशिया में हैं। अराकान योमा म्यांमार में है। हिमालय एशिया के दक्षिणी भाग में है, न कि पूर्वी भाग में।

**3. [c]**
**व्याख्या:-**
- गोबी शीत मरुस्थल है और मंगोलिया-चीन में स्थित है। रूब अल खाली अरब प्रायद्वीप का बड़ा मरुस्थल है। काराकुम तुर्कमेनिस्तान में है। तकला मकान मरुस्थल चीन के शिनजियांग क्षेत्र में है, भारत में नहीं।

**4. [b]**
**व्याख्या:-**
- यांग्त्सी एशिया की सबसे लंबी नदी है
- गंगा बंगाल की खाड़ी में गिरती है
- आमूर रूस-चीन सीमा बनाती है
- परन्तु R, A की व्याख्या नहीं करता

**5. [a]**
**व्याख्या:-**
भूमध्य रेखा अफ्रीका को लगभग दो भागों में विभाजित करती है। कर्क और मकर दोनों रेखाएँ अफ्रीका से गुजरती हैं। ग्रीनविच रेखा अफ्रीका के पश्चिमी भाग से गुजरती है। अफ्रीका केवल उत्तरी गोलार्द्ध में नहीं है, बल्कि चारों गोलार्द्धों में स्थित है, इसलिए d का मिलान कथन II (गलत कथन) से किया गया है।

**6. [d]**
**व्याख्या:-**
- नील नदी विश्व की सबसे लंबी नदी मानी जाती है। कांगो नदी भूमध्य रेखा को दो बार काटती है। ज़ाम्बेजी नदी पर विक्टोरिया जलप्रपात है। नाइजर नदी गिनी उच्चभूमि से निकलती है, सहारा से नहीं।

**7. [c]**
**व्याख्या:-**
- सहारा विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है।
- कालाहारी मरुस्थल बोत्सवाना सहित अन्य दक्षिणी अफ्रीकी देशों में फैला है।
- नामीब मरुस्थल पूर्वी तट पर नहीं, बल्कि पश्चिमी तट पर स्थित है।
- इसलिए विकल्प (c) असंगत है।

**8. [c]**
**व्याख्या:-**
- उत्तरी अमेरिका पूरी तरह उत्तरी गोलार्द्ध में है। बेरिंग जलसंधि इसे एशिया से अलग करती है। पनामा नहर दक्षिण अमेरिका से पृथक्करण करती है। ग्रीनलैंड भौगोलिक रूप से उत्तरी अमेरिका में है पर प्रशासनिक रूप से डेनमार्क का हिस्सा है।

**9. [c]**
**व्याख्या:-**
- एंडीज विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है। अमेजन नदी जलप्रवाह की दृष्टि से सबसे बड़ी है। पम्पास अर्जेंटीना में प्रसिद्ध घास के मैदान हैं। आटाकामा विश्व का सबसे शुष्क मरुस्थल है।

**10. [c]**

**व्याख्या:-**

- यूरोप पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।
- माउंट एल्ब्रुस यूरोप का सर्वोच्च शिखर माना जाता है।
- वोल्गा यूरोप की सबसे लंबी नदी है।
- डेन्यूब नदी अनेक देशों से होकर गुजरती है और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नदी है।

**11. [d]**

**व्याख्या:-**

- अंटार्कटिका औसत ऊँचाई के आधार पर सबसे ऊँचा महाद्वीप है। यहाँ स्थायी जनसंख्या नहीं है। ऑनिक्स नदी इसकी सबसे लंबी नदी है। माउंट इरेबस सक्रिय ज्वालामुखी है।

**12. [a]**

**व्याख्या:-**

- ऑस्ट्रेलिया पूर्णतः दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है।
- माउंट कोसियुस्को ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च शिखर है।
- मरे नदी ऑस्ट्रेलिया की सबसे लंबी नदी है।
- ग्रेट बैरियर रीफ विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है।

**13. [a]**

**व्याख्या:-**

- तिब्बत पठार विश्व का सबसे ऊँचा पठार है। मंगोलिया पठार और ईरान पठार एशिया में स्थित हैं। दक्कन का पठार भारत में है, जो एशिया में स्थित है, दक्षिण अमेरिका में नहीं।

**14. [b]**

**व्याख्या:-**

- बैकाल झील रूस में स्थित विश्व की सबसे गहरी झील है। बाल्कश झील मिश्रित जल की झील है। टोनले सैप कंबोडिया में स्थित है। वॉन झील तुर्की में स्थित है, भारत में नहीं।

**15. [c]**

**व्याख्या:-**

- कथन (A) सही है: कटंगा पठार अपनी रणनीतिक स्थिति और खनिज संपदा के कारण आर्थिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- कारण (R) गलत है (Mining Trap): कटंगा पठार ताँबा (Copper) और कोबाल्ट के लिए विश्व प्रसिद्ध है, सोने के लिए नहीं। दक्षिण अफ्रीका का 'विटवाटर्सरैंड' (Witwatersrand) क्षेत्र सोने के लिए जाना जाता है।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

- विक्टोरिया झील अफ्रीका की सबसे बड़ी झील है। टैंगानिका झील विश्व की दूसरी सबसे गहरी झील है, सबसे गहरी बैकाल है। मलावी झील दक्षिणपूर्व अफ्रीका में है और तुर्काना झील केन्या और इथियोपिया के बीच स्थित है।

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

- रॉकी पर्वत पश्चिमी कॉर्डिलेरा का भाग हैं। अप्लेशियन पर्वत उत्तरी अमेरिका के पूर्वी भाग में हैं। कैस्केड पर्वत अमेरिका में हैं। सिएरा नेवादा भी अमेरिका में है, यूरोप में नहीं।

**18. [c]**

**व्याख्या:-**

- कथन (A) सही है: एथाबास्का झील कनाडा (अल्बर्टा और सास्काचेवान) में स्थित है और यह एक प्रमुख खनिज क्षेत्र है।
- कारण (R) गलत है (खनन जाल): एथाबास्का झील क्षेत्र यूरेनियम (Uranium) के खनन के लिए विश्व प्रसिद्ध है, न कि सोने के लिए। यहाँ 'यूरैनियम सिटी' (Uranium City) नामक स्थान भी स्थित है।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

- एंडीज विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है। ब्राजील क्षेत्रफल व जनसंख्या दोनों में सबसे बड़ा देश है। पम्पास अर्जेंटीना के घास मैदान हैं। टिटिकाका झील विश्व की सबसे ऊँचाई पर स्थित नौगम्य झील है।

**20. [b]**

**व्याख्या:-**

- आटाकामा मरुस्थल चिली में स्थित विश्व का सबसे शुष्क मरुस्थल है। पेटागोनिया अर्जेंटीना का शीत मरुस्थल है। ग्वानो पक्षी की बीट से नाइट्रेट उर्वरक बनता है। आटाकामा ब्राजील में नहीं है।

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

- अवधारणा जाल: विकल्प (c) गलत है क्योंकि डेन्यूब नदी जर्मनी से निकलकर पूर्व की ओर बहती है और अंत में काला सागर (Black Sea) में गिरती है। प्रश्न में इसे उत्तरी सागर बताया गया है, जो कि गलत है। उत्तरी सागर में राइन और एल्ब जैसी नदियाँ गिरती हैं। बाकी सभी कथन भौगोलिक रूप से पूर्णतः सत्य हैं।

**22. [d]**

**व्याख्या:-**

- अंटार्कटिका पूर्णतः बर्फ से ढका महाद्वीप है। यहाँ स्थायी जनसंख्या नहीं है। विन्सन मासिफ इसका सर्वोच्च शिखर है और ऑनिक्स नदी इसकी सबसे लंबी नदी है।

**23. [b]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 गलत है क्योंकि ग्रेट डिवाइडिंग रेंज ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट के समांतर स्थित है, न कि पश्चिमी तट के।
- मरे नदी ऑस्ट्रेलिया की सबसे लंबी नदी है और डार्लिंग के साथ मिलकर मुख्य कृषि क्षेत्र बनाती है।
- ग्रेट आर्टेशियन बेसिन दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा अंत:स्थलीय जल बेसिन है जो मरुस्थलीय इलाकों के लिए जीवनरेखा है।
- कंगारू और कोआला ऑस्ट्रेलिया के 'स्थानिक' (Endemic) जीव हैं, जो प्राकृतिक रूप से कहीं और नहीं मिलते।

**24. [d]**

**व्याख्या:-**

- ग्रेट विक्टोरिया और सिम्पसन दोनों ऑस्ट्रेलिया के मरुस्थल हैं। गिब्सन भी ऑस्ट्रेलिया में है, अफ्रीका में नहीं।

**25. [c]**

**व्याख्या:-**

- एशिया क्षेत्रफल और जनसंख्या दोनों में प्रथम है। अफ्रीका दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है। उत्तरी अमेरिका तीसरे स्थान पर है। अंटार्कटिका में कोई स्थायी जनसंख्या नहीं है इसलिए जनसंख्या की दृष्टि से अंतिम है।

♦♦♦♦

## महासागर एवं उनकी विशेषताएँ

**1. पृथ्वी के जलमंडल और स्थलमंडल के वितरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असंगत है?**
**1. पृथ्वी का कुल क्षेत्रफल: यह लगभग 510 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।**
**2. महासागरीय विस्तार: पृथ्वी की सतह का लगभग 71% हिस्सा जल से ढका है, जो इसे अंतरिक्ष से नीला दिखाता है।**
**3. स्थलमंडल का वितरण: पृथ्वी पर भूमि का कुल क्षेत्रफल महासागरों के कुल क्षेत्रफल की तुलना में अधिक है।**
**4. जलमंडल का क्षेत्रफल: महासागरों का विस्तार लगभग 361 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**2. महासागरों की उत्पत्ति के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें –**
**1. वेगनर ने महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धांत दिया।**
**2. पैंजिया एक विशाल प्राचीन स्थलखंड था।**
**3. पैंजिया के चारों ओर के महासागर को टेथिस कहा जाता था।**
**4. पैंथालासा वर्तमान प्रशांत महासागर का पूर्वज माना जाता है।**
**संगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**3. निम्न में से असंगत कथन की पहचान कीजिए–**
(a) महासागरों की औसत गहराई लगभग 3688 मीटर है।
(b) प्रशांत महासागर सबसे गहरा महासागर है।
(c) आर्कटिक महासागर सबसे गहरा महासागर है।
(d) महासागरों की गहराई समुद्र तल से मापी जाती है।

**4. निम्न कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**1. प्रशांत महासागर सबसे बड़ा महासागर है।**
**2. अटलांटिक महासागर दूसरा सबसे बड़ा है।**
**3. हिन्द महासागर तीसरे स्थान पर है।**
**4. आर्कटिक महासागर चौथे स्थान पर है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. महाद्वीपीय मग्नतट महासागर का उथला भाग है।**
**2. इसकी गहराई लगभग 200 मीटर तक होती है।**
**3. यह मत्स्य पालन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है।**
**4. इसका ढाल लगभग 10° होता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**6. महाद्वीपीय मग्नढाल के संदर्भ में विचार करें –**
**1. यह महाद्वीपीय मग्नतट के बाद का क्षेत्र है।**
**2. इसकी गहराई लगभग 200 से 2000 मीटर होती है।**
**3. इसमें अंतःसागरीय कैनियन पाए जाते हैं।**
**4. यह महासागर का सबसे समतल भाग है।**
**असंगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1, 2 और 3
(b) 1 और 4
(c) 2 और 3
(d) केवल 4

**7. निम्नलिखित में अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए–**
**अभिकथन (A): गहन सागरीय मैदान महासागर तल का सबसे विस्तृत और समतल भाग है।**
**कारण (R): यहाँ तलछट का जमाव अधिक होता है तथा इसकी ढाल 1° से कम होती है, जिसके कारण यह समतल बनता है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. महासागरीय खाइयाँ प्लेटों के अभिसरण क्षेत्रों में बनती हैं।**
**2. मरियाना खाई विश्व की सबसे गहरी महासागरीय खाई है।**
**3. चैलेंजर डीप मरियाना खाई में स्थित है।**
**4. मरियाना खाई अटलांटिक महासागर में है।**
**संगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**9. प्रशांत महासागर के संदर्भ में विचार करें –**
**1. यह विश्व का सबसे बड़ा महासागर है।**
**2. इसका औसत गहराई लगभग 4280 मीटर है।**
**3. यह पैंथालासा का अवशेष माना जाता है।**
**4. इसकी आकृति अंग्रेजी के "S" अक्षर के समान है।**
**असंगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 4
(b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 4

**10. निम्न कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**1. Ring of Fire" ज्वालामुखीय और भूकंपीय गतिविधि का क्षेत्र है।**
**2. विश्व के अधिकांश भूकंप इसी क्षेत्र में आते हैं।**
**3. यह क्षेत्र मुख्यतः अटलांटिक महासागर के तटों पर स्थित है।**
**4. यहाँ प्लेटों का अभिसरण प्रमुख कारण है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के S अक्षर जैसा है।**
**2. यह प्रशांत महासागर से छोटा है।**
**3. मध्य अटलांटिक कटक विश्व की सबसे लंबी समुद्री पर्वत श्रृंखला है।**
**4. प्यूर्टो रिको खाई अटलांटिक महासागर में है।**

**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2
(b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**12. निम्न में से असंगत (Odd) कथन की पहचान कीजिए–**
(a) हिन्द महासागर का आकार त्रिभुजाकार है।
(b) यह उत्तरी गोलार्द्ध में अधिक विस्तृत है।
(c) सुण्डा गर्त इसकी सबसे गहरी खाई है।
(d) मेडागास्कर इसका सबसे बड़ा द्वीप है।

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. आर्कटिक महासागर सबसे छोटा महासागर है।**
**2. इसकी औसत गहराई लगभग 1038 मीटर है।**
**3. इसका महाद्वीपीय मग्नतट बहुत चौड़ा है।**
**4. इसे "शेल्फ महासागर" कहा जाता है।**
**संगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3
(b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**14. निम्नलिखित में अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए–**
**अभिकथन (A): दक्षिणी महासागर अंटार्कटिका के चारों ओर 60° दक्षिण अक्षांश के नीचे स्थित है तथा इसका क्षेत्रफल लगभग 21.96 मिलियन वर्ग किमी है।**
**कारण (R): दक्षिणी महासागर भूवैज्ञानिक दृष्टि से सबसे पुराना महासागर है।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. महाद्वीपीय उभार (Continental Rise) महाद्वीपीय ढाल और गहन सागरीय मैदान के बीच स्थित होता है।**
**2. यह क्षेत्र मुख्यतः तलछट के जमाव से बनता है।**
**3. यह महासागर तल का सबसे गहरा भाग होता है।**
**4. यह क्षेत्र महासागरीय मैदान की तुलना में अधिक ढाल वाला होता है।**
**संगत विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2
(b) 1, 2 और 4
(c) 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. मलक्का जलसंधि अंडमान सागर को जावा सागर से जोड़ती है।**
**2. ताइवान जलसंधि दक्षिण चीन सागर को पूर्वी चीन सागर से जोड़ती है।**
**3. बेरिंग जलसंधि प्रशांत महासागर को आर्कटिक महासागर से जोड़ती है।**
**4. बास जलसंधि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3
(b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**17. प्रशांत महासागर के द्वीपों के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें**
**1. जापान द्वीप समूह में होन्शु सबसे बड़ा द्वीप है।**
**2. हवाई द्वीप ज्वालामुखीय उत्पत्ति के हैं।**
**3. फिलीपींस द्वीप समूह में लूजोन और मिंडानाओ प्रमुख द्वीप हैं।**
**4. सखालिन द्वीप चीन के अंतर्गत आता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**18. निम्न में से असंगत (Odd) कथन की पहचान कीजिए–**
(a) मध्य-अटलांटिक कटक एक अपसारी प्लेट सीमा पर स्थित है।
(b) यह अटलांटिक महासागर को दो बेसिनों में विभाजित करता है।
(c) यह विश्व की सबसे लंबी समुद्री पर्वत श्रृंखला है।
(d) इसका निर्माण प्लेटों के अभिसरण से हुआ है।

**19. हिन्द महासागर के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें –**
**1. मोजाम्बिक चैनल अफ्रीका और मेडागास्कर के बीच स्थित है।**
**2. बाब-अल-मंडेब जलसंधि लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ती है।**
**3. हॉर्मूज जलसंधि फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ती है।**
**4. पाक जलसंधि भारत और बांग्लादेश के बीच स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**20. आर्कटिक महासागर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. लोमोनोसोव कटक आर्कटिक महासागर को दो भागों में विभाजित करता है।**
**2. फ्राम जलसंधि ग्रीनलैंड और स्वालबार्ड के बीच स्थित है।**
**3. डेनमार्क जलसंधि आइसलैंड और नॉर्वे के बीच है।**
**4. ब्यूफोर्ट सागर उत्तरी अमेरिका के तट के पास स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**21. दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन अवधारणात्मक रूप से गलत है?**
(a) यह महासागर अंटार्कटिका महाद्वीप को पूरी तरह से घेरे हुए है और 60° दक्षिण अक्षांश के नीचे स्थित है।
(b) रॉस सागर (Ross Sea) इसी महासागर का हिस्सा है, जो भौगोलिक रूप से प्रशांत महासागर के दक्षिणी विस्तार से जुड़ा है।
(c) वेडेल सागर (Weddell Sea) अटलांटिक महासागर के दक्षिणी छोर पर स्थित एक महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र है।
(d) दक्षिणी महासागर पृथ्वी के इतिहास में सबसे प्राचीन महासागर है, जिसका निर्माण अरबों वर्ष पहले हुआ था।

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. हवाई द्वीप ज्वालामुखीय हॉटस्पॉट के कारण बने हैं।**
**2. माउना लोआ विश्व के सबसे बड़े ज्वालामुखियों में से एक है।**
**3. हवाई द्वीप अटलांटिक महासागर में स्थित हैं।**
**4. प्रशांत महासागर को "द्वीपों का महासागर" भी कहा जाता है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**23. सूची-I (गर्त/खाई) का सूची-II (महासागर/क्षेत्र) के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

| **सूची-I (खाई)** | **सूची-II (क्षेत्र)** |
|---|---|
| **P. प्यूर्टो रिको** | **1. प्रशांत महासागर (विश्व की सबसे गहरी)** |
| **Q. रोमांचे खाई** | **2. अटलांटिक महासागर (सबसे गहरी)** |
| **R. मरियाना खाई** | **3. दक्षिणी अटलांटिक महासागर** |
| **S. साउथ सैंडविच** | **4. भूमध्यरेखीय अटलांटिक क्षेत्र** |

**कूट:**
(a) P-2, Q-4, R-1, S-3
(b) P-1, Q-2, R-3, S-4
(c) P-2, Q-3, R-4, S-1
(d) P-4, Q-1, R-2, S-3

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. बंगाल की खाड़ी हिन्द महासागर का भाग है।**
**2. अरब सागर अफ्रीका और भारत के बीच स्थित है।**
**3. अंडमान सागर बंगाल की खाड़ी का भाग है।**
**4. फारस की खाड़ी अटलांटिक महासागर में स्थित है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. प्रशांत महासागर में सबसे अधिक महासागरीय खाइयाँ पाई जाती हैं।**
**2. विश्व के लगभग 60% ज्वालामुखी प्रशांत रिंग ऑफ फायर में हैं।**
**3. हिन्द महासागर में महासागरीय खाइयाँ बिल्कुल नहीं हैं।**
**4. प्रशांत महासागर का गहन सागरीय मैदान अत्यधिक विस्तृत है।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) केवल 3
(d) केवल 4

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [b]**
**व्याख्या:-**
- पृथ्वी का कुल क्षेत्रफल 510 मिलियन वर्ग किमी है, जिसमें से 71% (361 मिलियन वर्ग किमी) जल है और केवल 29% (149 मिलियन वर्ग किमी) स्थल है।
- कथन 3 असंगत है क्योंकि स्थलमंडल का क्षेत्रफल (29%) महासागरों के क्षेत्रफल (71%) से काफी कम है। इसी विशाल जल राशि के कारण पृथ्वी को "नीला ग्रह" (Blue Planet) कहा जाता है।

**2. [b]**
**व्याख्या:-**
- वेगनर के महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धांत के अनुसार पैंजिया एक विशाल महाद्वीप था। इसके चारों ओर पैंथालासा महासागर था, जो आज के प्रशांत महासागर का पूर्वज माना जाता है। टेथिस सागर पैंजिया के मध्य स्थित था।

**3. [c]**
**व्याख्या:-**
- महासागरों की औसत गहराई लगभग 3688 मीटर मानी जाती है।
- प्रशांत महासागर औसतन सबसे गहरा महासागर है।
- आर्कटिक महासागर सबसे गहरा नहीं, बल्कि सबसे उथला महासागर है।
- महासागरों की गहराई समुद्र तल (Sea Level) से मापी जाती है।

**4. [b]**
**व्याख्या:-**
- प्रशांत महासागर क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा महासागर है।
- अटलांटिक महासागर दूसरे स्थान पर आता है।
- हिन्द महासागर तीसरे स्थान पर स्थित है।
- आर्कटिक महासागर चौथे स्थान पर नहीं, बल्कि पाँचवें स्थान पर है, इसलिए यह कथन गलत है।

**5. [b]**
**व्याख्या:-**
- महाद्वीपीय मग्नतट महासागर का उथला भाग है जिसकी गहराई लगभग 200 मीटर तक होती है। यह मत्स्य संसाधनों और पेट्रोलियम के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसकी ढाल बहुत कम (लगभग 1°–3°) होती है, 10° नहीं।

**6. [d]**
**व्याख्या:-**
- महाद्वीपीय मग्नढाल मग्नतट के बाद स्थित भाग है जिसकी गहराई लगभग 200–2000 मीटर होती है। इसमें समुद्री कंदराएँ (Submarine Canyons) पाई जाती हैं। महासागर का सबसे समतल भाग गहन सागरीय मैदान होता है।

**7. [a]**
**व्याख्या:-**
- गहन सागरीय मैदान महासागर तल का सबसे विस्तृत भाग है।
- यह महासागर के लगभग 75% क्षेत्र में पाया जाता है।
- इसकी ढाल बहुत कम होती है, सामान्यतः 1° से कम।
- यहाँ तलछट का अधिक जमाव होता है, जिससे यह समतल बनता है।
- इसलिए कारण अभिकथन की सही व्याख्या करता है।

**8. [b]**
**व्याख्या:-**
- मरियाना खाई प्रशांत महासागर में स्थित विश्व की सबसे गहरी महासागरीय खाई है। इसका सबसे गहरा भाग चैलेंजर डीप है। महासागरीय खाइयाँ सामान्यतः प्लेटों के अभिसरण क्षेत्रों में बनती हैं।

**9. [c]**
**व्याख्या:-**
- प्रशांत महासागर विश्व का सबसे बड़ा और गहरा महासागर है। इसकी औसत गहराई लगभग 4280 मीटर है। यह पैंथालासा महासागर का अवशेष माना जाता है। S आकार अटलांटिक महासागर का है।

**10. [b]**

**व्याख्या:-**

- रिंग ऑफ फायर प्रशांत महासागर के चारों ओर स्थित ज्वालामुखीय और भूकंपीय क्षेत्र है।
- विश्व के अधिकांश भूकंप इसी क्षेत्र में आते हैं।
- यह क्षेत्र अटलांटिक महासागर में नहीं, बल्कि प्रशांत महासागर के किनारों पर स्थित है।
- यहाँ प्लेटों का अभिसरण प्रमुख कारण है, जिससे ज्वालामुखीय और भूकंपीय गतिविधियाँ होती हैं।

**11. [d]**

**व्याख्या:-**

- अटलांटिक महासागर S आकार का है और क्षेत्रफल में प्रशांत से छोटा है। मध्य अटलांटिक कटक विश्व की सबसे लंबी समुद्री पर्वत श्रृंखला है। प्यूर्टो रिको खाई अटलांटिक महासागर की सबसे गहरी खाई है।

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

- हिन्द महासागर का आकार त्रिभुजाकार है।
- इसका अधिक विस्तार दक्षिणी गोलार्द्ध में है, न कि उत्तरी में।
- सुण्डा गर्त हिन्द महासागर की सबसे गहरी खाई है।
- मेडागास्कर हिन्द महासागर का सबसे बड़ा द्वीप है।

**13. [d]**

**व्याख्या:-**

- आर्कटिक महासागर क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा और गहराई की दृष्टि से सबसे उथला महासागर है। इसका महाद्वीपीय मग्नतट बहुत चौड़ा है, इसलिए इसे "शेल्फ महासागर" भी कहा जाता है।

**14. [c]**

**व्याख्या:-**

- दक्षिणी महासागर अंटार्कटिका के चारों ओर स्थित है।
- इसका विस्तार 60° दक्षिण अक्षांश के नीचे है।
- इसका क्षेत्रफल लगभग 21.96 मिलियन वर्ग किमी है।
- यह सबसे पुराना नहीं, बल्कि भूवैज्ञानिक दृष्टि से सबसे युवा महासागर है।
- इसलिए कारण गलत है।

**15. [b]**

**व्याख्या:-**

- महाद्वीपीय उभार महाद्वीपीय ढाल और गहन सागरीय मैदान के बीच का भाग है। यह मुख्यतः तलछट के जमाव से बनता है। इसका ढाल गहन सागरीय मैदान से थोड़ा अधिक होता है। महासागर का सबसे गहरा भाग महासागरीय खाइयाँ होती हैं।

**16. [b]**

**व्याख्या:-**

- मलक्का जलसंधि सुमात्रा और मलेशिया के बीच स्थित है और अंडमान सागर को जावा सागर से जोड़ती है। ताइवान जलसंधि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर को जोड़ती है। बेरिंग जलसंधि प्रशांत और आर्कटिक महासागर को जोड़ती है। बास जलसंधि ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच है।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- जापान के द्वीपों में होन्शु सबसे बड़ा है। हवाई द्वीप ज्वालामुखीय हॉटस्पॉट के कारण बने हैं। फिलीपींस के प्रमुख द्वीप लूजोन और मिंडानाओ हैं। सखालिन द्वीप रूस के अंतर्गत आता है, चीन के नहीं।

**18. [d]**

**व्याख्या:-**

- मध्य-अटलांटिक कटक अपसारी प्लेट सीमा पर स्थित है।
- यह अटलांटिक महासागर को पूर्वी और पश्चिमी बेसिनों में विभाजित करता है।
- यह विश्व की सबसे लंबी समुद्री पर्वत श्रृंखला है।
- इसका निर्माण अभिसरण से नहीं, बल्कि प्लेटों के अपसरण से हुआ है।

**19. [b]**

**व्याख्या:-**

- मोजाम्बिक चैनल अफ्रीका और मेडागास्कर के बीच है। बाब-अल-मंडेब जलसंधि लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ती है। हॉर्मूज जलसंधि फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ती है। पाक जलसंधि भारत और श्रीलंका के बीच है।

**20. [b]**

**व्याख्या:-**

- लोमोनोसोव कटक आर्कटिक महासागर को विभाजित करता है। फ्राम जलसंधि ग्रीनलैंड और स्वालबार्ड के बीच है। ब्यूफोर्ट सागर उत्तरी अमेरिका के तट के पास है। डेनमार्क जलसंधि ग्रीनलैंड और आइसलैंड के बीच स्थित है।

**21. [d]**

**व्याख्या:-**

- अवधारणा: विकल्प (d) गलत है क्योंकि दक्षिणी महासागर भूवैज्ञानिक दृष्टि से पृथ्वी का सबसे युवा (Youngest) महासागर माना जाता है। इसका निर्माण लगभग 30 मिलियन वर्ष पहले हुआ था जब अंटार्कटिका और दक्षिण अमेरिका अलग हुए थे।
- बाकी तीनों कथन सही हैं: यह अंटार्कटिका के चारों ओर है, रॉस सागर प्रशांत के दक्षिण में और वेडेल सागर अटलांटिक के दक्षिण में स्थित है।

**22. [b]**

**व्याख्या:-**

- हवाई द्वीप ज्वालामुखीय हॉटस्पॉट से बने हैं। माउना लोआ विश्व के सबसे बड़े सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। हवाई प्रशांत महासागर में स्थित हैं। प्रशांत महासागर में द्वीपों की अधिकता के कारण इसे द्वीपों का महासागर भी कहा जाता है।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

- प्यूर्टो रिको खाई: यह उत्तर अटलांटिक महासागर की सबसे गहरी खाई है।
- रोमांचे खाई: यह अटलांटिक महासागर के भूमध्यरेखीय (Equatorial) क्षेत्र में स्थित है।
- मरियाना खाई: यह पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित विश्व का सबसे गहरा बिंदु है।
- साउथ सैंडविच खाई: यह अटलांटिक महासागर के सुदूर दक्षिणी भाग में स्थित है।

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- बंगाल की खाड़ी और अरब सागर हिन्द महासागर के भाग हैं। अंडमान सागर बंगाल की खाड़ी के पूर्व में स्थित है। फारस की खाड़ी हिन्द महासागर प्रणाली का भाग है, अटलांटिक का नहीं।

**25. [c]**

**व्याख्या:-**

- प्रशांत महासागर में सबसे अधिक महासागरीय खाइयाँ हैं और यह क्षेत्र रिंग ऑफ फायर के कारण ज्वालामुखीय गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। हिन्द महासागर में भी खाइयाँ (जैसे सुण्डा खाई) पाई जाती हैं। प्रशांत में गहन सागरीय मैदान अत्यधिक विस्तृत हैं।

♦♦♦♦